इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव



स्वस्तिक
स्पोर्टस, म्यूजिकल एण्ड फिटनेस आयटम
खेल सामग्री
वाद्य यंत्र, बैण्ड गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्गन, आक्टोपैड,
नाटक- रामलीला गुड्स, दरी, टाटापट्टी के थोक व चिल्लर विक्रेता एवं सुधारक
शो-रुम - जी.ई. रोड, राजनांदगांव ● सिनेमा लाईन, राजनांदगांव
फोन: 07744-281191, 325125
Email : Swastikstoresrjn@gmail.com ● www.swastikstores.com

वर्ष- 45 | अंक - 113 | राजनांदगांव, गुरूवार 12 मार्च 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज, अमित शाह बोले- नियम नहीं मानेंगे तो माइक बंद होगा

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में तीखी बहस और हंगामा देखने को मिला। सरकार की ओर से जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने लगभग 56 मिनट तक विस्तार से अपनी बात रखी और कांग्रेस तथा राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

अमित शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को भाजपा सांसदों की तुलना में दोगुना समय बोलने के लिए मिला है। इसके बावजूद विपक्ष के नेता यह आरोप लगाते हैं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब बोलने का समय आता है, तो विपक्ष के कुछ नेता जर्मनी या इंग्लैंड में घूमते नजर आते हैं।

### नियमों का पालन जरूरी: अमित शाह

गृह मंत्री ने कहा कि संसद नियमों से चलती है और स्पीकर को नियमों का उल्लंघन करने वाले सदस्यों को रोकने और टोकने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा, सदन कोई मेला नहीं है। जो सदस्य नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनका माइक बंद करना पड़ेगा।



### राहुल गांधी पर साधा निशाना

अमित शाह ने राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गले मिलते हैं, आंख मारते हैं और फ्लाइंग किस भेजते हैं। शाह ने कहा कि स्पीकर के आचरण पर सवाल उठाने से पहले विपक्ष को अपने व्यवहार पर भी आत्ममंथन करना चाहिए। अमित शाह के भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार विरोध किया और अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाए। सदन में कुछ देर तक हंगामा भी चलता रहा।

### मैराथन बहस और तीखी राजनीतिक बहस

सदन की कार्यसूची के अनुसार, इस संवेदनशील प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के लिए कुल 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया था। चर्चा की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी शुरुआत एक दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तरुण गोगोई ने की थी, जिन्होंने अध्यक्ष की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे। जवाब में सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आंकड़ों के साथ विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए स्पीकर के निर्णयों का मजबूती से बचाव किया।

### संवैधानिक मर्यादा और सदन का फैसला

चर्चा के समापन पर जब कार्यवाहक अध्यक्ष ने प्रस्ताव को वोटिंग के लिए रखा, तो सत्ता पक्ष के समर्थन में भारी आवाज गूंजी, जिसके परिणामस्वरूप प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया। इस दौरान सदन में नियमों और परंपराओं का हवाला देते हुए यह स्पष्ट किया गया कि अध्यक्ष का पद किसी दल विशेष का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बस्तर में 1 किग्रा गोल्ड के साथ 108 नक्सलियों का सरेंडर: 3.61 करोड़ कैश और 101 हथियार डाले

जगदलपुर। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आज नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं, जिन पर 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था।



रेड-कार्पेट बिछाकर स्वागत;

### नक्सलियों के 101 घातक हथियार बरामद

यह आत्मसमर्पण पुणे मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के तहत हुआ। कार्यक्रम राज्य के डीजीपी अरुण देव गौतम और एडीजी विवेकानंद सिन्हा की मौजूदगी में हुआ।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जमा किए गए हथियारों और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। अधिकारियों ने 101 घातक हथियार बरामद होने की जानकारी दी।

### करोड़ों रुपये के हथियार समेत नगद मिला

इन हथियारों में एके 47, इंसास, एलएमजी और बीजीएल शामिल थे। नक्सल इतिहास में पहली बार 3.61 करोड़ रुपये नकद और 1.64 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलो सोना बरामद किया गया। इसे अब तक के नक्सल विरोधी अभियानों में सबसे बड़ी डंप बरामदगी माना जा रहा है। यह सभी सामग्री बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों से बरामद की गई थी। इनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिले शामिल हैं। बरामद किए गए सभी डंप और सामग्री को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शन जगदलपुर स्थित रेंज मुख्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री अलग-अलग अभियानों में मिली थी। इसमें 101 घातक हथियार और बड़ी मात्रा में नकदी व सोना शामिल था। अधिकारियों का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वाइट हाउस की सुरक्षा में बड़ी सेंध! बैरिकेड तोड़कर घुसी वैन, इलाके में मचा हड़कंप

नई दिल्ली। वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वाइट हाउस के आसपास बुधवार सुबह सुरक्षा में बड़ा भय पैदा हो गया। एक वैन ने लाफायेट स्क्वायर में सुरक्षा बैरिकेड तोड़ दिया, जिसके बाद पूरे इलाके को तुरंत बंद कर दिया गया। यह घटना 11 मार्च 2026 को सुबह करीब 6.37 बजे हुई, जब वैन कनेक्टिकट एवेन्यू और एच स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट के चौराहे पर बैरिकेड से टकराई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस डिपार्टमेंट ने यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस की मदद से तुरंत कार्रवाई की।



### कई प्रमुख रोड बंद

घटना के बाद वाइट हाउस के आसपास के कई प्रमुख रोड बंद कर दिए गए, जिससे सुबह के पीक आवर में ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो गया। सरकारी और शहर के कर्मचारी ऑफिस नहीं पहुंच पाए। इमरजेंसी वाहन मौके पर पहुंचे और इलाका पूरी तरह सील कर दिया गया। सीक्रेट सर्विस ने इसे संदिग्ध वाहन की जांच बताया। उनके बयान में कहा गया, हम एक संदिग्ध वाहन की जांच कर रहे हैं। वाहन के ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस ने ड्राइवर को किया गिरफ्तार

MPD ने पुष्टि की कि घटना में किसी को चोट नहीं आई। ड्राइवर को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और जांच जारी है। अभी तक ड्राइवर की पहचान या मकसद सार्वजनिक नहीं किया गया है। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि यह जानबूझकर किया गया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरुरत नहीं, पश्चिम एशिया संघर्ष पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

त्रिची। प्रधानमंत्री मोदी ने आज तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है, लेकिन भारत की सरकार हर परिस्थिति में इंडिया फर्स्ट की नीति पर काम करती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है और केवल सही तथा सत्यापित जानकारी ही फैलानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि एक राष्ट्र के रूप में हम हर स्थिति का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।



### डीएमके पर पीएम मोदी ने साधा निशाना

पीएम मोदी रैली में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तिरुची साहस और आस्था की भूमि है और यहां आकर उन्हें हमेशा विशेष अनुभव होता है। प्रधानमंत्री ने याद किया कि दो साल पहले भी उन्हें इस शहर में एक आध्यात्मिक अनुभव हुआ था। उन्होंने कहा कि उन्हें तमिल लोगों से जुड़ने में हमेशा दिलचस्पी रहती है और वे तमिलनाडु की भावनाओं को साफ-साफ महसूस कर सकते हैं।

### तमिलनाडु में बदलाव की लहर- प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने दावा किया कि राज्य में बदलाव की इच्छा तेजी से बढ़ रही है और जनता अब डीएमके सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। उनके अनुसार लोग ऐसी सरकार चाहते हैं जो हर परिवार के लिए काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके शासन में सत्ता एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। मंत्री और विधायक बदलते रहते हैं, लेकिन असली ताकत उसी परिवार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मिडिल ईस्ट युद्ध: गुजरात आ रहे थाई कार्गो शिप पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला, लगी भीषण आग, 20 क्रू मेंबर बचाए गए

नई दिल्ली। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में गुजरात की ओर जा रहे थाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात मिसाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज में आग लग गई और बचाव अभियान शुरू किया गया। इस दौरान 20 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि तीन जहाज पर ही फंसे रह गए। समुद्री सुरक्षा सूत्रों और जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, मयूरी नारी नामक इस जहाज को ओमान के उत्तरी तट से लगभग 11 समुद्री मील दूर निशाना बनाया गया था। थाईलैंड सरकार ने पुष्टि की है कि घटना के बाद 20 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया, जबकि तीन चालक दल के सदस्य अभी भी जहाज पर मौजूद हैं।




### मिसाइल हमले से लगी आग

थाईलैंड की रॉयल नेवी और यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस दोनों ने 11 मार्च को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कार्गो शिप पर हमले की सूचना दी थी। तस्वीरों और समुद्री अभिलेखों से पोत की पहचान थाई ध्वज वाले मालवाहक पोत मयूरी नारी के रूप में हुई। इसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन संख्या के साथ-साथ शिप पर लगे झंडे और उसके ऊपरी ढांचे के मिलान से की गई, जो शिप की पुरानी तस्वीरों से मेल खाते थे। पता चला कि यह कार्गो शिप प्रेशियस शिपिंग का है। जानकारी के मुताबिक किसी मिसाइल के हमले में शिप में आग लग गई। हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मैं जब चाहूंगा, ईरान से युद्ध खत्म हो जाएगा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान

बंगलूरू। पश्चिम एशिया में संकट गहराता जा रहा है। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर दावा किया कि ईरान के साथ जारी जंग जल्द खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जब वह चाहेंगे, तब यह युद्ध समाप्त हो जाएगा।



ट्रंप ने फोन पर दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अब निशाना बनाने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है। थोड़ा बहुत ही बचा है। मैं जब चाहूं, यह युद्ध खत्म हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भले ही संकेत दिए हैं कि ईरान में उनके सैन्य अभियान के लक्ष्य काफी हद तक पूरे हो चुके हैं। लेकिन पश्चिम एशिया में हमले और सैन्य कार्रवाई अभी भी जारी है।

इससे पहले इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि ईरान पर हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक जरूरी होगा। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, काट्ज ने कहा कि यह अभियान तब तक बिना किसी समयसीमा के जारी रहेगा, जब तक सभी लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते और अभियान का नतीजे तय नहीं हो जाते। काट्ज ने कहा कि तेहरान और पूरे देश में हमले हर दिन जारी रहेंगे और एक-एक करके अलग-अलग ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन हमलों का मकसद ईरान के लोगों को खामेनेई के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ खड़े होने और उसे हटाने के लिए प्रेरित करना भी है।

### ट्रंप का दावा- ईरान के पास नहीं बची ताकत

एक दिन पहले ट्रंप ने सीबीएस न्यूज से कहा था कि यह युद्ध लगभग पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के पास अब नौसेना, संचार व्यवस्था और वायुसेना जैसी ताकत नहीं बची है। ट्रंप ने कहा कि ईरान की मिसाइल क्षमता बहुत कम रह गई है और उसके ड्रोन लगातार नष्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सैन्य दृष्टि से तेहरान के पास अब लगभग कुछ भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रूस से 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा भारत: रिलायंस-IOC ने बुकिंग की

नई दिल्ली। ईरान-इजराइल में जारी जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज रूट बंद हो गया है। ऐसे में कच्चे तेल की सप्लाई बंद होने के बाद भारत करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदेगा। यह दावा ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने रूस से तेल के एग्रीमेंट किए हैं।




ईरान जंग के बीच सप्लाई बंद होने के बाद फैसला

हाल ही में अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी तेल के शिपमेंट्स खरीदने के लिए भारत को 30 दिन (3 अप्रैल तक) की छूट देने का दावा किया था। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है।

### एशियाई समुद्री सीमा में फंसा तेल खरीदा

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों के बाद स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के जरिए होने वाली तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। ऐसे में भारतीय रिफाइनर्स ने उन रूसी जहाजों को सुरक्षित किया है जो पहले से ही एशियाई समुद्र में मौजूद थे, लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे थे। ट्रेडर्स का कहना (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बलरामपुर में 5 एकड़ खेत में मिली अफीम की फसल: झारखंड के लोग कर रहे थे खेती

दुर्ग/बलरामपुर। दुर्ग जिले में अफीम की खेती पकड़े जाने के बाद बलरामपुर में भी अफीम की खेती पकड़ाई है। मंगलवार को त्रिपुरी के सरनाटोली गांव के खेत में 5 एकड़ एरिया में अफीम की फसल मिली।



मामला कुसमी थाना क्षेत्र का है। जांच में पचा चला है कि झारखंड के लोगों ने खेती थी, इससे पहले जशपुर के एक बीजेपी नेता से संपर्क किया था। पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद पूरे मामले का खुलासा होगा। वहीं, दुर्ग जिले में अफीम उगाने वाले बीजेपी नेता विनायक के भाई के अवैध दुकान पर बुलडोजर चला। बृजेश ताम्रकार ने गांव की 32 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था। 20 साल पुराने इस कब्जे को पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया। मामला जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर के त्रिपुरी गांव में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती मिली। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कुसमी एसडीओपी आशीष कुंजाम, पुलिस और प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि, उन्हें अफीम उगाने की जानकारी थी, लेकिन यह नहीं पता कि यह अवैध है। दुर्ग में विनायक ताम्रकार के खिलाफ अफीम की खेती किए जाने पर कार्रवाई हुई तो हमें पता चला कि यह गैर कानूनी है। इसके बाद थाने में सूचना दी। जहां अफीम की फसल मिली वह इलाका झारखंड से लगा हुआ है। खेत गांव के रूपदेव भगत और कौशल भगत का है। जमीन को किराए पर लेकर झारखंड के लोगों ने अफीम लगाई है। वह खेत से कुछ दूर फॉरेस्ट की तरफ से चूहीदाह नाले में बनाए गए स्टाप डेम से पंप लगाकर सिंचाई करते थे। ग्रामीणों के मुताबिक, झारखंड के लोगों ने फूलों की खेती करेंगे कहकर खेत किराए पर लिया था। जिसके लिए जशपुर जिले के ग्राम राझाडीपा निवासी भाजपा नेता से संपर्क भी किया था। अफीम की खेती (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# देशभर में एलपीजी की किल्लत, एजेंसी के बाहर लंबी लाइनें:यूपी-बिहार में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बंट रहे

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है। वहीं, एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के चलते अयोध्या में राम रसोई को बंद कर दिया गया है। 8 साल में पहला मौका है जब राम रसोई बंद की गई है।

### घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी 2.5 दिन में ही होगी

इस बीच देश में रसोई गैस की कमी की खबरों को सरकार ने फेक बताया। जनता से शांत रहने की अपील की और एलपीजी की कमी को लेकर झूठी खबरें न फैलाने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की



संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि देश में एलपीजी की डिलीवरी साइकल अभी भी 2.5 दिन ही बना हुआ है।

### घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25 प्रतिशत तक बढ़ाया है

देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग घबराकर पैनिक बुकिंग न करें। सप्लाई चेन को दुरुस्त रखने के लिए घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। कुछ जगहों पर गलत जानकारी की वजह से लोग पैनिक बुकिंग और जमाखोरी कर रहे हैं। ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है, सप्लाई पूरी तरह सामान्य है।

### एलएनजी के 2 जहाज रास्ते में, जल्द पहुंचने की उम्मीद

अब भारत का 70 प्रतिशत कच्चा तेल उन रास्तों से आ रहा है जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर हैं। पहले यह आंकड़ा 55 प्रतिशत था। हमने खरीद में विविधता लाकर अपनी सप्लाई सुरक्षित कर ली है। गैस कंपनियों ने नए स्रोतों से एलएनजी के कार्गो सुरक्षित किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, दो बड़े एलएनजी जहाज अगले एक-दो दिन में भारत पहुंचने वाले हैं। इससे देश में ईंधन की स्थिति और मजबूत होगी। वर्तमान में भारत की रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं ताकि पेट्रोलियम उत्पादों की कमी न हो। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भूपेश बोले- चंद्राकर ने सदन को हाईजैक कर लिया: जंबूरी खर्च पर सदन में हंगामा, नारेबाजी, मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉकआउट

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में जंबूरी आयोजन में अनियमितता और विधायक रिकेश सेन को जान से मारने की धमकी पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने जंबूरी आयोजन में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

उन्होंने सवाल किया कि जंबूरी के लिए निविदा कितनी बार लगी, कब-कब लगी और काम शुरू होने से पहले क्या प्रक्रिया पूरी हुई थी। इस पर मंत्री गजेंद्र यादव के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया, जिससे सदन में हंगामा मच गया।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुताबिक पहला टेंडर तकनीकी कारणों से निरस्त हुआ और नियमों में बदलाव के बाद 23 दिसंबर को फिर से जारी किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं हुआ और नियमों में बदलाव नेशनल स्काउट गाइड परिषद की अनुमति से किए गए।



शून्य काल में विधायक रिकेश सेन को जान से मारने की धमकी का मुद्दा सदन में गूंजा। उमेश पटेल ने सुरक्षा और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। संसदीय मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विधायक पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि विपक्ष ने स्पष्टीकरण से असंतुष्ट होकर नारेबाजी और वॉकआउट किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विधायक से बात की गई है और जवाब आने तक विपक्ष कार्यवाही में भाग नहीं लेगा। इसके बाद आसंदी ने संसदीय कार्यमंत्री को मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप इस मामले में दुर्ग के एसपी और कलेक्टर से बात करके करेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्रेजरी बेंच खाली होने पर तंज कसा, जिस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल ने चरणदास महंत का अस्तित्व खत्म कर दिया और नेता प्रतिपक्ष को हाईजैक कर लिया। भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए जवाब दिया कि अजय चंद्राकर ने तो पूरे सदन को हाईजैक कर लिया है। प्रश्नकाल में नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्वामी आत्मानंद स्कूल का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि प्रदेश में कितने अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं, नर्सरी कक्षाओं की स्वीकृति कब दी गई और प्री-प्राइमरी कक्षाएं कितनी चल रही हैं, साथ ही कई जिलों में शिक्षकों को हटाने की शिकायतें भी आई हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जवाब दिया कि अभी किसी जिले में शिक्षकों को नहीं हटाया गया है, 14 जिलों के 54 विद्यालयों में प्री-प्राइमरी स्कूल संचालित हैं और प्रदेश में 11 हजार बालवाड़ी नई शिक्षा नीति के तहत खोले जाएंगे।

## पहला कॉलम...

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का किया जा रहा औचक निरीक्षण



राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार नागरिकों को सही गुणवत्ता की खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती साधना चंद्राकर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के गुजराती स्वीट्स एवं मेसर्स बसंतीलाल अग्रवाल के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। गुजराती स्वीट्स से मगज लड्डू एवं मिल्क केक का नमूना तथा मेसर्स बसंतीलाल अग्रवाल से जेम्स कनफेक्शनरी एवं मिर्ची पाउडर का नमूना संकलित किया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मेसर्स ईमाम एंटरप्राईजेस हल्दी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमृतान्जल पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य के लेबल पर बैंच नंबर, विनिर्माण तिथि, एफएसएसएआई लाइसेंस अंकित नहीं होने पर 429 बोरी अमृतान्जल पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर जप्त किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा संतोष किराना स्टोर्स सुरगी से गेंहू आटा का नमूना संकलित कर जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जांच के लिए संग्रहित सभी खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मनक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा खाद्य कारोबारियों से अपने प्रतिष्ठान में सुरक्षित और सही गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ का ही विक्रय, भण्डारण, प्रदर्शन, विनिर्माण करने की अपील की गई है। नागरिक किसी भी प्रतिष्ठान पर मिलावटी या दूषित खाद्य सामग्री के विक्रय का संदेह होने पर इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग की हेल्पलाईन 9340597097 पर दे सकते है।

### छुरिया एवं घुमका में 108 एम्बुलेंस सेवा पुनः शुरू

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया एवं घुमका में 108 एम्बुलेंस सेवा का पुनः संचालन शुरू कर दिया गया है। पूर्व में दोनों स्थानों की एम्बुलेंस ब्रेकडाउन की स्थिति में थी, जिसे सुधारकर पुनः चालू किया गया है। अब यह एम्बुलेंस क्षेत्र के नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी। 108 एम्बुलेंस सेवा के पुनः संचालन से छुरिया एवं घुमका क्षेत्र के मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सुविधा होगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुलभ हो सकेंगी।

### ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं को खोलने की प्रक्रिया आज

राजनांदगांव (दावा)। जिले के डोंगरगांव तहसील के ग्राम आसरा के खसरा नंबर 360 का भाग रकबा 2.61 हेक्टेयर क्षेत्र का खनिज-साधारण रेत नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी किया गया है। जिसमें एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रानिक नीलामी तकनीकी एवं वित्तीय बोली ऑनलाईन आमंत्रित की गई थी। ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं को खोलने की प्रक्रिया आज 12 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष राजनांदगांव में संपादित की जाएगी। जिसमें इच्छुक बोलीदार उपस्थित हो सकते है।

# 37 लाख का बंदर बाट करना भारी पड़ा जनपद अध्यक्ष को

**0 जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आया**

**0 मामला - 37 लाख रुपए को नियम विरुद्ध आपस में आबंटन का**

डोंगरगढ़ (दावा)।जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा, उपाध्यक्ष हीरा राम वर्मा सहित दो अन्य जनपद सदस्यों ने आपस में कूट रचना कर 15 वें वित की शेष राशि 37 लाख रुपए के बंदर बाट करने का मामला प्रकाश में आया है।इसकी जानकारी अन्य जनपद सदस्यों को होते ही जनपद सदस्यों ने भाजपा मंडल महामंत्री तामेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से जनपद अध्यक्ष की शिकायत कर दी।और जनपद अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का निवेदन किया ।



**भाजपा मंडल महामंत्री तामेश्वर साहू के नेतृत्व में 19 जनपद सदस्यों ने कलेक्टर से की मुलाकात**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 में से 19 जनपद सदस्यों के समर्थन से बनाए गए पत्र में दो जनपद सदस्य अनुपस्थित रहे। इसके अलावा शेष उपाध्यक्ष सहित 5 अन्य जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष के विरुद्ध लाये गए प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया है।

सूत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष के विरुद्ध लाये गए अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध में उपाध्यक्ष हीरा राम वर्मा, जनपद सभापति सुरेश वर्मा और जिला युवा कांग्रेस (ग्रामीण) के अध्यक्ष व रामाटोला क्षेत्र से जनपद सदस्य महेश सेन सहित अन्य शामिल बताये जाते है।

#### 37 लाख रूपये के आबंटन की जानकारी मुझे नहीं है - महेश सेन,वरिष्ठ जनपद सदस्य

दीपावली के पूर्व जनपद की सामान्य सभा की बैठक में पिछले कार्यकाल की शेष राशि की जानकारी के संबंध में जनपद सीईओ द्वारा मात्र 40 लाख रुपए शेष होना बताया गया था। इसके अलावा 37 लाख रुपए और शेष होने की जानकारी सी ई ओ द्वारा बैठक में नहीं दी गई थी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वरिष्ठ जनपद सदस्य महेश सेन ने कहा है कि यदि अध्यक्ष द्वारा नियम विरुद्ध राशि का आवंटन किया गया है, तो मैं भी अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में खड़ा रहूंगा।

#### आने वाले दिनों में कांग्रेस भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के क्रियाकलाप में रहेंगी निगाहें

मंडल महामंत्री व जनपद सभापति तामेश्वर साहू के नेतृत्व में जनपद अध्यक्ष के विरुद्ध लाये गए अविश्वास प्रस्ताव के पश्चात यदि जिला कलेक्टर द्वारा इसे स्वीकार कर आगे की प्रक्रिया के लिए निर्देश दिए जाते है तो आने वाले दिनों में कांग्रेस और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के क्रियाकलाप में सभी की निगाहें लगे रहेगी। जनपद में 25 में से 18 जनपद सदस्यों का समर्थन प्राप्त कर भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा करने में सफल रही थी। किंतु एक साल बाद ही अपने ही पार्टी के जनपद अध्यक्ष को हटाकर भाजपा के जनपद सदस्य किसे जनपद अध्यक्ष बनना चाहते हैं बड़ा दिलचस्प होगा। इसके अलावा जनपद अध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में जनपद सदस्य श्रीमती गिरजावती भैसा , अशोक नेताम थनवार मंडावी श्रीमती रेशमा टाकेश्वर कंवर सुरेश कुमार वर्मा महेश कुमार सेन श्रीमती उर्वशी वर्मा कुमारी प्रीती वैष्णव / श्रीमती मंजू वर्मा श्रीमती निरज बाई छेदैया श्रीमती सरिता ओमप्रकाश मंडावी श्रीमती निरज बाई छेदैया श्रीमती रामकुंवर कामड़े / देवदास कामड़े जेठुराम कंवर उमेश कुमार साहू श्रीमती पूजा चौधरी श्रीमती सीमा ओमप्रकाश साहू श्रीमती रामेश्वरी एवन वर्मा श्रीमती अहिल्या रामेश्वर कंवर श्रीमती प्रतिमा खरे दुर्गा प्रसाद रात्रे गुलशन कुमार लिल्हारे (दाउ) मनहरण सिन्हा की भूमिका प्रमुख रहेंगी ।

## वार्डो में विकास कार्य के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन



**0 अधोसंरचना मद अंतर्गत स्टेशन रोड में होगा डामरीकरण व बल्देवबाग में सीमेंटीकरण**

**0 विधायक निधि से लॉ कालेज में लगेगा इंटरलाकिंग**

राजनांदगांव (दावा)। वार्ड विकास की कडी में महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 14 व 15 में विकास कार्य कराने निगम पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। महापौर ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, वार्ड नं. 14 के पार्षद सतीश मसीह, वार्ड नं. 15 के पार्षद प्रमोद झंझाडिया, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पूर्व पार्षद सुश्री शैल यादव, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर के साथ वार्ड नं. 14 में अधोसंरचना मद अंतर्गत लगभग 35 लाख रूपये की लागत से स्टेशन रोड में डामरीकरण तथा आई.टी.बी.पी. के उप महानिरीक्षक अनवर ईलाही, द्वितीय कमान मनोज कुमार बहुबुडा, उप सेनानी जीथ जेम्स व इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव के साथ वार्ड नं. 15 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 9.50 लाख रूपये की लागत से, बल्देवबाग में आई.टी.बी.पी. कार्यालय के पास सीमेंटीकरण एवं विधायक निधि अंतर्गत 7 लाख रूपये की लागत से, पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में इंटरलाकिंग कराने कॉलेज के अध्यक्ष सुरेश एच.लाल, उपाध्यक्ष श्रीकिशन खण्डेलवाल, सचिव अनिल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी, उप सचिव उमेश अग्रवाल, प्रशासक आर.एन.सिंग, प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा की उपस्थिति में अलग-अलग कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है। विधायक एवं सांसद द्वारा वार्डो में विकास कार्य कराने विधायम सांसद निधि के अलावा अन्य मद में अनुशंसा कर राशि दिलाए है। इसी कडी में आज स्टेशन रोड में डामरीकरण, बल्देवबाग में सीमेंटीकरण तथा लॉ कालेज में इंटरकालिंग कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन के सहयोग से मूलभूत सुविधा रोड, नाली निर्माण के अलावा अन्य कार्य कराये जा रहे है। स्टेशन रोड में डामरीकरण के अलावा स्वागत द्वार एंव डिवाईडर का सौदर्यीकरण करने कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी वार्ड में विकास कार्य के अलावा सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य भी कराये जायेगे। तीनों स्थान में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रम में वार्डवासी के अलावा विधि महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

#### 14 मार्च को नगर पालिक निगम पेंशनर संघ की होली मिलन समारोह बैठक

राजनांदगांव (दावा)। सेवानिवृत कर्मचारी संघ नगर पालिक निगम राजनांदगांव के होली मिलन समारोह की बैंठक दिनांक 14 मार्च 2026 दिन शनिवार 02 बजे बलराम दास टाउनहाल, सभागृह में सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दुर्गाराम साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैंठक में डॉ. डी.सी.जैन प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर संघ एवं मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव नगर पालिक निगम राजनांदगांव एवं विशिष्ट अतिथि अतुल विश्वकर्मा आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव रहेंगे व बैठक में दुर्ग सभांगीय अध्यक्ष अजय यादव उपस्थित रहेंगे। बैठक में समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित होने की अपील की गई है।

## कलेक्टर ने जीवन दीप समिति की कार्यकारणी बैठक ली



**जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज जिला चिकित्सालय में जीवन दीप समिति की कार्यकारणी बैठक ली। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में समिति द्वारा चिकित्सालय परिसर में संचालित दुकानों से लंबित बकाया किराया राशि की शीघ्र वसूली सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। किराया राशि जमा नहीं करने वाले दुकानों को 3 दिवस का नोटिस जारी करने कहा गया। 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल में गर्भवती माताओं एवं एसएनसीयू एवं पीएनसी वार्ड में थ्री-सीटर वेटिंग चेयर खरीदी किए जाने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पूर्व जीवनदीप समिति की बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा। कलेक्टर ने प्रत्येक रविवार को स्त्रीरोग विशेषज्ञ के माध्यम से प्रसूति संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने, ऑक्सीजन प्लांट के संचालन के लिए जीवनदीप समिति के माध्यम से तकनीशियन की भर्ती नियमानुसार पारदर्शितापूर्वक करने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नवीन मेजर ऑपरेशन थियेटर में आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सायकल व वाहन स्टैंड हेतु पुनः निविदा जारी करने तथा मरीजों के लिए अन्य आवश्यक सामग्रियों की खरीदी किये जाने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में कार्यरत विषय विशेषज्ञों से विशेष चर्चा कर मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, सिविल सर्जन सहित जीवन दीप समिति के पदाधिकारी, जिला चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सक उपस्थित थे।

#### सीआरसी में एक दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। विश्व श्रवण दिवस पर कम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि, विश्व श्रवण दिवस प्रतिवर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य श्रवण हानि (सुनने की समस्या) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कान एवं श्रवण स्वास्थ्य की देखभाल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बच्चों में श्रवण समस्याओं को शीघ्र पहचान, समय पर हस्तक्षेप, सामुदायिक जागरूकता तथा शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई।

## कलेक्टर ने शासकीय मुद्रणालय का किया औचक निरीक्षण



**किसान किताब को शीघ्रता से भू-अभिलेख शाखा को उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज शासकीय मुद्रणालय राजनांदगांव का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मुद्रणालय की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा उपलब्ध संसाधनों एवं कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने मुद्रणालय में मुद्रण कार्य हेतु उपयोगी मशीनों एवं सामग्री को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मशीनों का समुचित रख-रखाव एवं कार्यस्थल की सुव्यवस्था से कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और मुद्रण कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न किया जा सकेगा। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित किसान किताबों के मुद्रण एवं उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के जरूरतमंद किसानों को समय पर किसान किताब की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किसान किताबों को शीघ्रता से भू-अभिलेख शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक संचालक श्री नकुल ध्रुव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।












## सोमनी थाना क्षेत्र में वाद विवाद करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में वाद-विवाद करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज दिया है। सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन उनके थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असामाजिक तत्वों के खिलाफ सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम सांकरा में शांति भंग करने की नियत से वाद विवाद कर रहे समारू देवांगन पिता स्व. नम्मुलाल उम्र 42 साल निवासी ग्राम सांकरा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायालयीन आदेशानुसार आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया है।

## बंदूक के बट से बुजुर्ग के सिर में घातक प्रहार, आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना क्षेत्र में आरोपी बाप-बेटे द्वारा गांव के ही एक बुजुर्ग को बंदर भगाने वाले बंदूक के बट से सिर में घातक प्रहार करने व मारपीट करने के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम अनुज राम साहू पिता स्व. आशा राम साहू उम्र 66 साल व लोमन साहू पिता अनुज राम साहू उम्र 35 साल दोनों निवासी ग्राम उपरवाह थाना घुमका बताया जाता है।

थाना प्रभारी घुमका विजय मिश्रा ने बताया कि कल 11 मार्च को करीबन 1:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम उपरवाह निवासी किशन लाल साहू उम्र 62 वर्ष की हत्या करने की नियत बंदर भगाने वाले बंदूक के बट से सिर में मार दिया है। इस सूचना पर घुमका थाना से पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंच कर घटना क्रम की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जिस पर प्रकरण को गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में तत्काल कार्यवाही प्रारंभ की गई और प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 24/2026 धारा 296, 115(2), 118(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस की पूछताछ में प्रार्थिया ने बताया कि वह अपने पति किशनलाल साहू के साथ खेत से वापस अपने घर आये। वे अपने घर के जालीदार घेरा में सेमी का पेड लगाये हुये है, जिसे आरोपी अनुजराम साहू व लोमन साहू सेमी फल को तोड़ रहा था, जिसे तोड़ने से मना किये तो किशन लाल साहू को अश्लील गालियॉ देकर वाद विवाद करने लगा और बंदर भगाने वाले बंदूक को लहराते हुये तुझे आज जान से खतम कर दुंगा कहकर हत्या करने की नीयत से बंदूक में लगे लकडी के बट से उसके पति के सिर में कई बार मार दिया तथा लोमन ने अपने हाथ मे रखे डंडा से किशन लाल साहू के जांघ में मारा। उसके पति का सिर फूटने से खून निकलने लगा जिससे वह वही पर गिर गया। वही दोनों आरोपी उसे मरा समझकर भाग गये। आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना प्रयुक्त बंदर भगाने वाले बंदूक व लाठी को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त सबुत पाये जाने पर आरोपी अनुज राम साहू व लोमन साहू को 11 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है।


न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी,
जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
राजस्व मामला क्रमांक 202602093700028
अ-6 वर्ष 2025-26

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार बाफना आ. स्व. पूनमचंद बाफना निवासी गजलाईन, वार्ड नं. 37, महावीर वार्ड, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 48 सी, भूखण्ड क्रमाक 231/1.3. क्षेत्रफल 84.87 वर्गमीटर जो धारकगण नीलेश बाफना, बेला, चंचल, सीमा, नीशा सभी आ. स्व. लालचंद बाफना, सूरजबाई ध.प. स्व. लालचंद बाफना, अशोक कुमार आ. पूनमचंद.. निवासी-गजलाईन, राजनांदगाँव के नाम पर दर्ज है, पर पंजीकृत हकत्यागपत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 25.03.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच राजनांदगांव


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
4-6-8
445-3 370-0
राजधानी
1-3-5
578-0 889-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER RESOURCES DIVISION, KAWARDHA DISST. KABIRDHAM (C.G)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

CORRIGENDUM No. 01

Following amendment is made in system No. 186176/NIT No.16/SAC/2025-26 Kawardha, Date 02-03-2026

| | Amendment |
|---|---|
| 1 | Bid Start Date and time: 13-03-2026 |
| 2 | Bid Due Date and time: 27-03-2026 |
| 3 | Bid Open Start Date and time: 30-03-2026 |

All other terms and condition will be unchanged.

G.No.: 252607016/3

Executive Engineer
Water Resources Division, Kawardha
Distt. Kabirdham (C.G.)
For, Chief Engineer Mahanadi Godavari
Basin Raipur (C.G.)

G.No.: 252607136/5

# प्रेस क्लब चुनाव के लिए आज वितरण होगा नामांकन फार्म, कल 13 मार्च को होगा जमा

राजनांदगांव (दावा)। प्रेस क्लब राजनांदगांव का 15 मार्च रविवार को चुनाव होने जा रहा है। इसके लिए आज 12 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को नामांकन फार्म वितरण किया जाएगा। वहीं 13 मार्च को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। चुनाव संपन्न करने के लिए शहर के ख्याति नाम अधिवक्ता उमाशंकर भारद्वाज एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी निर्वाचन अधिकारी रहेंगे।

अधिवक्ता श्री भारद्वाज ने बताया कि, 13 मार्च को प्रत्याशियों द्वारा नामांकन जमा करने पश्चात स्क्रूटनी की जाएगी। इसके ठीक दूसरे दिन बाद यानेकि 15 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जीई रोड राम दरबार चौक समीप स्थित प्रेस क्लब भवन में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। बताया गया है कि, मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी व तत्पश्चात चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। उपरोक्त निर्वाचन अधिकारी के साथ सहायक के रूप में अधिवक्ता विमल हाजरा, खेमराज वर्मा व मनीष तिवारी उपस्थित रहेंगे।

### चुनाव के लिए सामान्य सभा रही आयोजित




**अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए 15 मार्च को होगा मतदान**

बता दें कि वैश्विक महामारी कोविड व बीच में अन्य परिस्थितियों के चलते प्रेस क्लब का चुनाव नहीं हो पाया था। इसलिए प्रेस क्लब के संरक्षकों द्वारा प्रेस क्लब का चुनाव कराने के मंगलवार 10 मार्च को प्रेस क्लब भवन में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक एवं दैनिक सबेरा-संकेत के संपादक सुशील कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा में बड़ी संख्या में दैनिक ब्यूरो चीफ व पत्रकारों की उपस्थिति रही। बैठक को संरक्षक श्री कोठारी सहित सी एल जैन सोना, जितेंद्र मिश्रा, अशोक पांडे, पुरुषोत्तम तिवारी, कमलेश स्वर्णकार, दीपांकर खोब्रागढ़े, अजय सोनी ने संबोधित किया। इस दौरान कुछ सदस्यों ने अपने सुझाव भी रखे। सभा का संचालन सचिव अनिल त्रिपाठी ने किया।

### सभा में अपील समिति का किया गया गठन

बैठक में निवृत्तमान अध्यक्ष सचिन अग्रहरि द्वारा प्रेस क्लब अध्यक्षीय कार्यकाल के संबंध में समुचित जानकारी दी गई। वहीं सभा में नियमानुसार आय-व्यय का लेखा-जोखा व आडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया गया।

बैठक में अपील समिति का गठन भी किया गया। जिसमें संरक्षक सीएल जैन सोना, पुरुषोत्तम तिवारी व जितेंद्र मिश्रा शामिल किए गए हैं। बताया गया कि, प्रेस क्लब के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव 15 मार्च रविवार को होगा। प्रेस क्लब के चयनित पदाधिकारियों का आगामी कार्यकाल 3 वर्ष नीयत है। सामान्य सभा की बैठक के उपरांत अगले दिन 11 मार्च को दोपहर 2 बजे तक जहां दावा आपत्तियों का निराकरण किया गया, वहीं शाम 5 बजे तक प्रेस क्लब के साथियों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी कर दिया गया है। प्रकाशित मतदाता सूची में प्रेस क्लब के कुल 158 सदस्य के नाम हैं जिनके द्वारा मतदान किया जा सकेगा। बहरहाल आज 12 मार्च गुरुवार को प्रेस क्लब भवन में नामांकन पत्र प्राप्त करने के लिए प्रत्याशियों की गहमा गहमी बनी रहेगी।

# व्यावसायिक संस्थानों में कमर्शियल सिलेंडर के स्थान पर घरेलू गैस का उपयोग करने पर की गई कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरूपयोग के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए राजनांदगांव शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों में अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे घरेलू सिलेंडरों को जप्त किया गया। सहायक खाद्य अधिकारियों एवं खाद्य निरीक्षकों की संयुक्त जांच दल द्वारा कुल 15 संस्थानों का औचक निरीक्षण कर 47 घरेलू गैस सिलेण्डर को जप्त करने की कार्रवाई की गई। संयुक्त जांच दल द्वारा मानव मंदिर (तुलसीपुर), रेलवे स्टेशन स्थित अग्रवाल होटल, गुजरात इन, साकी पंजाबी होटल, राधे कृष्ण भोजनालय, राजा भोजनालय एवं गुरूद्वारा चौक स्थित पाठक भोजनालय व शुद्ध शाकाहारी भोजनालय का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही स्टेडियम रोड पर स्थित कोकास रेस्टोरेंट, ग्वालियर चाट, महेन्द्र चाट, श्रीनाथ पाव भाजी तथा उरईडबरी स्थित जाप ढाबा, फार्म टू टेबल और अनमोल पंजाबी ढाबा में भी कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन को कई व्यावसायिक संस्थानों में कमर्शियल सिलेंडर के स्थान पर घरेलू गैस का उपयोग करने के संबंध में शिकायते मिल रही थी। कमर्शियल सिलेंडर के स्थान पर घरेलू गैस का उपयोग करना नियमों के विरूद्ध है और घरेलू उपभोक्ताओं की आपूर्ति को भी प्रभावित करता है। घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जाएगी।

**47 घरेलू गैस सिलेंडर किए गए जप्त**

# नारियों को सजग व सचेत होना चाहिए - डॉ. सुचित्रा गुप्ता



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में 9 मार्च 2026 को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला दिवस पर काव्य पाठ एवं विचार अभिव्यक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भारतीय नारियों को कई अन्य देशों की तुलना में अधिक सशक्त बताया। उन्होंने महिला दिवस पर उत्सव मनाने की अपेक्षा महिलाओं को अपने अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति सजग व सचेत रहने का आह्वान किया। डॉ. प्रियंका सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में महिला दिवस की सार्थकता को निरूपित किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं कु. चेतना सिन्हा, विनय वासनिक, गजेंद्र, दीपिका साहू, डोली साहू, माही सिंह, दीपक कुमार, कुमारी यामिनी साहू ने नारी विमर्श पर केंद्रित कविता पाठ किया एवं अपने विचार व्यक्त किये। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. किरण जैन, प्रोफेसर स्वयंसिध्दा झा, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. रोहिणी समरित ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन प्रोफेसर स्वयंसिध्दा झा ने किया।

# मोहड़ गोलीकांड, कांग्रेस के दबाव का असर, आरोपी पहुंचे जेल- विपिन यादव



राजनांदगांव(दावा)। शहर के समीप ग्राम मोहड़ स्थित शिवनाथ नदी से अवैध रेत उत्खनन के लिए रची गई साजिश के दौरान हुए चर्चित मोहड़ गोलीकांड मामले में भाजपा से जुड़े मुख्य आरोपी संजय सिंह सहित अन्य आरोपियों के न्यायालय में सरेंडर कर जेल भेजे जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा है कि, यह कांग्रेस पार्टी के लगातार संघर्ष, विरोध प्रदर्शन और प्रशासन पर बनाए गए दबाव का परिणाम है।

जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि, मोहड़ में शिवनाथ नदी से अवैध रूप से रेत निकालने के लिए सुनियोजित प्रयास किया जा रहा था। जब स्थानीय ग्रामीणों ने इस अवैध कार्य का विरोध किया तो उन्हें डराने-धमकाने के लिए गोलीबारी जैसी गंभीर घटना को अंजाम दिया गया। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती थी बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा और संस्कारधानी शहर की शांति व्यवस्था पर सीधा हमला था।

उन्होंने कहा कि घटना के बाद से ही कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर दबाव बनाया जा रहा था। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया था कि, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होने तक कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी।

विपिन यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे और प्रशासन को स्पष्ट रूप से कहा कि, आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। कांग्रेस के लगातार विरोध और दबाव के कारण ही आज सभी आरोपी कानून के शिकंजे में हैं और जेल पहुंच चुके हैं।

जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि, भाजपा के शासनकाल में लगातार अवैध गतिविधियों का खुलासा हो रहा है, जिसे प्रदेश की जनता भी देख और समझ रही है। कुछ दिन पूर्व ही दुर्ग के समीप भाजपा से जुड़े एक नेता द्वारा अफीम की अवैध खेती का मामला सामने आया था, जिसने पूरे प्रदेश को चौंका दिया। प्रदेश में नशे और अवैध कारोबार के बढ़ते मामलों से साफ हो गया है कि भाजपा के शासनकाल में अवैध गतिविधियां तेजी से फल-फूल रही हैं।

उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े अवैध कारोबारों में भाजपा से जुड़े नेताओं की संलिप्तता के मामले सामने आ रहे हैं। विकास कार्य ठप्प पड़े हैं जबकि अवैध गतिविधियां चरम पर हैं। यह स्थिति प्रदेश की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

विपिन यादव ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी जनहित, न्याय और कानून के सम्मान के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। जिले में कहीं भी जनहित के खिलाफ कार्य होंगे, कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किया जाएगा या जनता की सुरक्षा के साथ समझौता होगा तो कांग्रेस पार्टी मजबूती से आवाज उठाते हुए दोषियों को सजा दिलाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति मे दी।

# कलेक्टर ने कुपोषण दूर करने एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में सक्रिय रूप से कार्य करने पर कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले में कुपोषण की समस्या को दूर करने तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बेहतर संचालन में सक्रियतापूर्वक कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री यादव ने आंगनबाड़ी केन्द्र खपरीकला की कार्यकर्ता श्रीमती फुलेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी केन्द्र गठुला की कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा साहू एवं आंगनबाड़ी केन्द्र डुमहाटोला की कार्यकर्ता श्रीमती उमेश्वरी साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों, माताओं एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में नियमित गतिविधियों के संचालन तथा पोषण संबंधी जागरूकता के माध्यम से कुपोषण को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी भी ली। कार्यकर्ता द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रत्येक गुरूवार को पोट्ठ लईका पहल अभियान के अंतर्गत पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। इस दौरान अभिभावकों, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी दी जाती है। इस अभियान से लोगों में जागरूकता बढ़ी है तथा कुपोषण दूर करने में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा आगे भी इसी प्रकार समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**प्रत्येक गुरूवार को पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत अभिभावकों, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को दी जा रही पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी**

# छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे छुरिया ब्लॉक के जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय मुद्दों पर हुई चर्चा







राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा पहुंचकर कार्यवाही का अवलोकन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सदन की कार्यप्रणाली को करीब से देखा और लोकतांत्रिक व्यवस्था की गतिविधियों को समझा।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता एवं सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बड़गांव राकेश बारले, सरपंच ग्राम पंचायत गोडलवाही जगदीश बघेल, सरपंच ग्राम पंचायत मसूलकासा घसूराम सहारे तथा सरपंच ग्राम पंचायत राणामटिया गोपीराम आघारिया उपस्थित रहे।

विधानसभा परिसर में इन जनप्रतिनिधियों की मुलाकात नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री कावासी लखमा तथा खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू से हुई।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा पंचायतों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देने और आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि, विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव की बात है। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के साथ ही गांव और क्षेत्र के विकास के लिए नई प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बबीता कुलदीप और उनकी टीम सम्मानित




राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को पुष्प वाटिका में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर एक विशेष संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की स्वच्छता व्यवस्था, महिलाओं की भूमिका और समाज में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव तथा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ और स्वस्थ शहर का सपना साकार हो सकता है। इस अवसर पर मंच से स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए राज्य सफाई आंदोलन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती बबीता कुलदीप एवं उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने में उनका योगदान प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील भी की।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। संगोष्ठी में शहर की अनेक सामाजिक संस्थाओं की महिलाएं, स्वच्छता से जुड़े कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी बने ऊर्जादाता

राजनांदगांव(दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा भी मिल रहा है। राजनांदगांव के सांसद एवं राजनांदगांव के विधायक प्रतिनिधि होने के नाते रूपचंद भीमनानी ने इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेकर जनमानस के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं। भीमनानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आह्वान से प्रेरणा लेकर ऑनलाइन आवेदन कर वेबसाइट में पंजीकृत वेन्डर को चिन्हांकित कर संपर्क किया एवं अपने घर में सिंगल फेज कनेक्शन वाला 3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है।

**ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए लोगों को कर रहे हैं प्रोत्साहित**




श्री भीमनानी ने राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले के सभी नागरिकों से भी योजना का लाभ लेने की अपील की है। वे कहते है कि, हर घर सौर ऊर्जा को अपनाए, तो न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी बल्कि हम ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे। यह योजना न केवल मध्यम और गरीब परिवारों को बिजली बिल की चिंता से मुक्त करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट के माध्यम से उनके घर की बिजली संबंधी आवश्यकताएं अब सौर ऊर्जा से पूरी होंगी, जिससे ग्रिड पर निर्भरता कम होगी।

### 'ऊर्जा उपभोक्ता' से 'ऊर्जा दाता' बनने का सफर

योजना के अंतर्गत शहर के रेलवे स्टेशन के समीप स्थित अपने निवास पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कराने वाले श्री भीमनानी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि, उन्हें वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 14 यूनिट बिजली का उत्पादन मिल रहा है। 03 किलोवाट सोलर सिस्टम स्थापित होने के बाद न केवल उनके घर के बिजली बिल में कमी आई है, बल्कि वे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने इस योजना को आम आदमी के लिए राहत और भविष्य के लिए निवेश बताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी अपील की है कि, वे सौर ऊर्जा को अपनाकर न केवल आर्थिक लाभ प्राप्त करें, बल्कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में सहभागी बनें। घरेलू खपत से अधिक बिजली उत्पन्न होने के कारण वे अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि 'ऊर्जा दाता' बन गए हैं। उन्होंने इस परिवर्तन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सीधी सब्सिडी और सरल ऋण सुविधा

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए श्री भीमनानी ने बताया कि, सरकार द्वारा रू.1 लाख 8 हजार रुपए तक की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि, जो लोग एकमुश्त राशि जमा करने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए बैंकों के माध्यम से आसान किस्तों ईएमआई पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे सोलर सिस्टम लगवाना और भी सरल हो गया है।

# भाजपा में महेन्द्र वैष्णव और मनोज निर्वाणी की नियुक्ति से समाज में हर्ष





**सामाजिक प्रतिभाओं को शीघ्र सम्मानित करेगा वैष्णव समाज**

राजनांदगांव (दावा)। महेंद्र वैष्णव प्रदेश भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के मिडिया प्रदेश सह प्रभारी, मनोज निर्वाणी को झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए जाने पर बनाए जाने पर खुशी की लहर दौड़ गई, मनोज निर्वाणी प्रदेश वैष्णव युवा प्रपोज्ड के उपाध्यक्ष हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष वैभव निर्वाणी, कार्यालय सचिव हलधर दास वैष्णव ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के संरक्षक महेंद्र वैष्णव को प्रदेश भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश मिडिया सह प्रभारी बनाए जाने पर सहकारिता क्षेत्र तथा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में मनोज निर्वाणी को जिला संयोजक बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा प्रदेश व जिला वैष्णव समाज में खुशी की लहर दौड़ गई छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि महेन्द्र वैष्णव बीते कई वर्षो सहकारिता के क्षेत्र जिला व प्रदेश में सक्रियता पूर्वक कार्य करते रहे है। उनके अनुभव का ही भाजपा को लाभ होगा, मनोज निर्वाणी का झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में किया गया काम का अनुभव भाजपा को लाभ देगा।

बधाई देने वाले सदस्यों की तांता लग गया है बधाई देने वाले सर्वश्री देवकुमार निर्वाणी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, बालकृष्ण वैष्णव, कमल वैष्णव, कमलेश वैष्णव, प्रदेश सलाहकार इन्द्र कुमार वैष्णव, सुरेन्द्र बैरागी, सुरेन्द्र दास, दुष्यंत दास, बलदाऊ दास वैष्णव, शिवकुमार वैष्णव, संतोष वैष्णव, निखिल दास वैष्णव, डोमन दास वैष्णव, नारायण वैष्णव, चंन्द्रशेखर वैष्णव, दिलीप कुमार वैष्णव, युगल किशोर वैष्णव, संदीप वैष्णव, अनुप दास वैष्णव, प्रशांत वैष्णव, भूषण वैष्णव, योगेश दास वैष्णव, ज्ञानेश्वर वैष्णव, बिहारी दास वैष्णव, संतोष वैष्णव, नरेन्द्र वैष्णव, रेवतिरमण वैष्णव, अनिल वैष्णव, सुभाष दास वैष्णव, दास वैष्णव, महादेव वैष्णव, जितेन्द्र वैष्णव, कृष्णा कुमार वैष्णव, विश्वास दास वैष्णव, रमेश वैष्णव, दिनेश कुमार वैष्णव, वैभव वैष्णव, गजानंद वैष्णव, नोहर दास वैष्णव, छैलेन्द्र किशोर वैष्णव, चन्दन वैष्णव, घनश्याम दास वैष्णव, दीपक वैष्णव, अभिषेक वैष्णव, तारक निर्मोही, आकाश वैष्णव, सतीश वैष्णव, जागेश्वर वैष्णव, तेजेन्द्र वैष्णव, नंदकिशोर वैष्णव, भोला दास वैष्णव, रोशन वैष्णव, बृजेश वैष्णव, विवेक वैष्णव, भीष्म वैष्णव, भरत दास वैष्णव, नागेन्द्र वैष्णव, भागवत दास वैष्णव, प्रकाश दास वैष्णव के अलावा बहुत से वैष्णव जनो ने फटाका फोड़े आपस में मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। तदाशय की जानकारी वैभव निर्वाणी छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष एवं तारक निर्मोही ने संयुक्त रूप से दी।

## अनमोल दावा

**लक्ष्य ऊंचा रखो और मेहनत उससे भी ऊंची करो।**

## सम्पादकीय

# युद्ध से क्रूड आईल और गैस का प्रदाय संकट में

गल्फ के देशों में ईरान के द्वारा सिलसिलेवार हमले किए जा रहे हैं। हार्मुज की खाड़ी में कई देशों के जहाजों की आवाजाही बंद कर दी है। स्वभाविक रूप से भारत पर इसका गहरा असर पड़ा है। भारत में गल्फ के देशों में से आने वाले क्रूड का प्रदाय तथा गैस के प्रदाय में अवरोध उत्पन्न हुआ है। यद्यपि, सरकार के दावे अनुसार अभी भी भारत के पास 50 दिनों तक चल सके उतना आईल और ईंधन का स्टाक है। इसके अलावा, संकटकालीन समय में भारत में जरूरी आवश्यकता के मद्देनजर भी क्रूड आईल और ईंधन का स्टाक आरक्षित रखा गया है। दुनिया के बाजार में फिर क्रूड की कीमतें आसमान छू रही है। प्रति बैरल 110 डालर से 115 डालर की कीमत के बीच हो, तब भी भारत में पेट्रोल तथा डीजल की कीमत बढ़ाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। निःसंदेह, एहतियात तौर पर सरकार के द्वारा संकट के समय काम में आ सके, इस प्रकार कदम उठाए गए हैं। सभी को ईंधन तथा एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति होती रहे, इसके लिए आवश्यक वस्तुएं अधिनियम का कानून अमल में लाया गया है। भारत में सर्वाधिक गैस कतार में से आती है। कतार तथा अन्य देशों ने ईरान के हमलों के बाद गैस का प्रदाय और उत्पादन कम हुआ है। जिसके कारण, भारत में भी गैस का संकट गहराया है। यद्यपि, इसके कारण जनता, को हतोत्साह होने की जरूरत नहीं है। सरकार ने एलपीजी गैस का संग्रह न हो, इसके लिए कार्यवाही की है। उद्योग समुहो में आने वाले औद्योगिक उपयोग के लिए गैस को सीमित कर दिया गया है। एलपीजी की प्राप्ति, प्रदाय और डिस्ट्रीब्यूशन को नियंत्रित किया गया है। इसके लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम को लागू किया है। सरकार का यह कदम सराहनीय है, जिसके कारण, एल.पी.जी. की संग्रहणखोरी को रोका जा सकेगा। एल.पी.जी. के प्रदाय को नियंत्रित किया जा सकेगा। कालाबाजारी रोकने प्रभावशाली कदम उठाए गए हैं। सरकार के द्वारा दूसरा महत्वपूर्ण कदम यह उठाया गया है कि उसे रिफाईनरीज और पेट्रोकेमिकल्स इकाइयों को एल.पी.जी. का अधिकाधिक उत्पादन करने के लिए कहा गया है। जिसकी आपूर्ति के सामने मांगों को स्वीकार किया जा सके।

ईरान के युद्ध के कारण 180 मिलियन क्रूड आइल के प्रदाय में रूकावट आ रही है। यद्यपि, भारत के लिए अच्छी बात है कि रूस ने भारत को उसकी जरूरतों के हिसाब से तैयारी दर्शायी जा रही है। ऐसी स्थिति भारत में आईल और गैस की समस्या बिगड़े ऐसी स्थिति नहीं है। उधर, अमेरिका ने भी भारत को रूस के पास से 30 दिनों के लिए क्रूड खरीदने की छूट दी है। इस कारण भी भारत की स्थिति ज्यादा गंभीर नहीं है। वैसे, ईरान युद्ध के कारण 180 मिलियन क्रूड आईल का प्रदाय रूक गया है। हार्मुज में भारत के अनेक जहाज फंसे हैं।

इस प्रकार, भारत में आईल और गैस की समस्या गंभीर रूप ले ले, ऐसी स्थिति नहीं है। सरकार ने अनेक संकट के मद्देनजर नेचुरल गैस का प्रदाय इमरजैंसी और प्राथमिकता के आधार पर आवंटित करने का निर्णय लिया है। जिसमें घरेलु पीएनजी गैस का प्रदाय तथा ट्रांसपोर्ट उपयोग के लिए सी.एन.जी. पाईपलाईन कम्प्रेशर फ्यूल और जरूरी पाईपलाईन आपरेशन शामिल है। सरकार के श्रेणीबद्ध कदमों के कारण संभावना है कि देश में गैस का संकट का निवारण हो जावेगा।

# ईरान की जंग से क्या भारत में एलपीजी संकट और गहराएगा?

**मध्य पूर्व में छिड़े संघर्ष का साया अब दुनिया की तेल और गैस की सप्लाई पर पड़ने लगा है. इस वजह से भारत के अलावा कई अन्य देशों में संकट बढ़ता जा रहा है.नौ मार्च की शाम को तेल और गैस के अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में ज़बरदस्त हलचल शुरु हुई. इसकी जड़ स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ के रास्ते आने वाले तेल की सप्लाई का बाधित होना है. लेकिन भारत में तेल और गैस सप्लाई की कमी को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस सप्लाई की कोई किल्लत नहीं है और घबराने की ज़रूरत नहीं है.ईरान पर अमेरिका और इसराइल के ताबड़तोड़ हवाई हमलों के बीच ईरान ने स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ से तेल टैंकरों की आवाजाही को बाधित कर दिया है.**

**इसी रास्ते से चीन, जापान और भारत समेत कई देशों को तेल और गैस की सप्लाई होती है. बीते 24 घंटों में हालात तेज़ी से बदले हैं. भारत में रेस्टोरेंट उद्योग की ओर से कमर्शियल कुकिंग सिलेंडर की आपूर्ति में बाधा आने की शिकायतों के बीच भारतीय पेट्रोलियम मंत्री ने निर्बाध आपूर्ति का वादा किया है.**



पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत की ऊर्जा आयात अलग-अलग स्रोतों और रास्तों से जारी है. हमने युद्ध जैसी स्थिति के बावजूद कदम उठाए हैं ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को 100त्न सीएनजी और पीएनजी की सप्लाई मिले. बाकी उद्योगों को भी 70-80त्न तक सप्लाई मिलती रहे. सोमवार शाम बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की क़ीमत नौ मार्च को प्रति बैरल 100 डॉलर के पार चली गई थी, लेकिन 10 मार्च को इसमें करीब 10त्न की गिरावट आई. इससे पहले यह बढ़त स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ में लंबे समय तक रुकावट की आशंका के कारण हुई थी. लेकिन इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है. उनके इस बयान के बाद क़ीमतों में यह गिरावट आई.

इससे पहले बाज़ार में काफ़ी उतार-चढ़ाव देखा गया था और मध्य पूर्व में उत्पादन घटने के कारण पिछले हफ्ते क़ीमतें 30त्न से ज़्यादा उछल गई थीं. सऊदी अरामको के सीईओ ने चेतावनी दी कि अगर स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ लंबे समय तक बंद रहा तो इसका वैश्विक बाज़ारों पर भारी असर पड़ सकता है. उनका कहना है कि ऐसा होने पर स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ से जुड़े तेल उत्पादन का बड़ा हिस्सा एक महीने के भीतर रुक सकता है. अरामको के सीईओ अमीन नासेर ने पत्रकारों को बताया, दुनिया के तेल बाज़ारों के लिए इसके विनाशकारी नतीजे हो सकते हैं. रुकावट जितनी लंबी चलेगी, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर उतना ही गंभीर होगा. हम पहले भी कई रुकावटों का सामना कर चुके हैं, लेकिन यह अब तक क्षेत्र के तेल और गैस उद्योग के सामने आया सबसे बड़ा संकट है. उधर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इसराइल का ईरान के ख़िलाफ़ युद्ध वैश्विक ऊर्जा संकट की वजह बन गया है. उन्होंने चेतावनी दी कि स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ के रास्ते होने वाली तेल और गैस की ढुलाई पर निर्भर तेल उत्पादन जल्द रुक सकता है.

पुतिन ने कहा कि रूस, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक है और जिसके पास प्राकृतिक गैस का सबसे बड़ा भंडार है, यूरोपीय ग्राहकों के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार है अगर वे लंबी अवधि के सहयोग की तरफ लौटना चाहें. दुनिया में तेल की क़ीमतों से भी तेज़ी से लिक्विफ़ाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की कीमतें बढ़ रही हैं. दरअसल एलएनजी का प्रमुख उत्पादक देश क़तर है और क़तर ने इसका उत्पादन रोक दिया है. यूरोप और एशिया पर इसका असर दिखने लगा है. भारत में कंपनियों ने मार्च की शुरुआत से ही एहतियात के तौर पर औद्योगिक गैस आपूर्ति में करीब 20त्न तक कटौती कर दी है.

पाकिस्तान ने बढ़ती कीमतों के कारण स्कूल बंद करने जैसे आपात कदम उठाए हैं और सरकारी कर्मचारियों को दिए जाने वाले ईंधन भत्ते में भी कटौती की है. समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक़, दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा आयातक भारत है और इसने पिछले हफ्ते ही आपात उपायों का इस्तेमाल करते हुए रिफ़ाइनरियों को घरेलू उपयोग के लिए उत्पादन बढ़ाने के आदेश दिए हैं. इसके कारण हॉस्पिटैलिटी उद्योग को पर्याप्त आपूर्ति पाने में मुश्किल हो रही है. भारत के तेल मंत्रालय ने कहा है कि उसने रेस्तरां और अन्य उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति से जुड़ी मांगों की समीक्षा के लिए एक पैनल बनाया है. यह कदम उद्योग संगठनों की अपील के बाद उठाया गया। पांच लाख से अधिक रेस्तरां का प्रतिनिधित्व करने वाले नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने सोमवार को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय को एक चिट्ठी लिखकर कहा, रेस्तरां उद्योग अपने संचालन के लिए मुख्य रूप से कमर्शियल एलपीजी पर निर्भर है. अगर इसमें किसी तरह की बाधा आती है तो बड़े पैमाने पर रेस्तरां के बंद होने की स्थिति पैदा हो सकती है. वहीं फ़ेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशंस ऑफ़ इंडिया ने भी सरकार से मदद मांगी है. उधर भारतीय कंपनियों ने लगभग एक साल बाद पहली बार एलपीजी की क़ीमतों में बीते शनिवार को बढ़ोतरी की है.

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक़, पुणे नगर निगम ने एलपीजी के घटकों जैसे प्रोपेन और ब्यूटेन के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंध के कारण शहर के गैस शवदाह गृहों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है. ब्लूमबर्ग के अनुसार, हालात के मद्देनज़र ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी), गेल और रिलायंस की ओर से संचालित पेट्रोकेमिकल संयंत्रों के साथ-साथ बिजली संयंत्रों को आपूर्ति कम की जा सकती है या पूरी तरह से बंद की जा सकती है.

समाचार एजेंसी एएफ़पी के अनुसार, भारत लिक्विफ़ाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) का दुनिया में चौथा सबसे बड़ा और एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश है. अल जज़ीरा के मुताबिक़, क़तर एलएनजी का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और उसने इसका उत्पादन रोक दिया है. ब्लूमबर्ग के मुताबिक़, भारत मध्य पूर्व से अपनी ज़रूरत का अधिकांश एलपीजी और दो तिहाई एलएनजी ख़रीदता है. ब्लूमबर्ग ने वेसल-ट्रैकिंग सूचनाओं के आधार पर बताया है कि क़तर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी सप्लायर है, जो पिछले साल भारत के कुल एलएनजी आयात का आधा था.

मंगलवार को भारत के पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा, मध्य पूर्व में चल रहे मौजूदा संघर्ष के कारण स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ से एलएनजी की शिपमेंट बाधित है. नए नियम बराबर वितरण को सुनिश्चित करने और प्रमुख सेक्टर्स के लिए लगातार उपलब्धता बनाए रखने के लिए बनाए गए हैं.

दरअसल मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि एलएनजी की आपूर्ति को घरों, परिवहन क्षेत्र और एलपीजी उत्पादन के लिए प्राथमिकता दी जाए.

अन्य क्षेत्रों, जैसे उर्वरक संयंत्र और चाय उद्योग, को उनकी खपत की ज़रूरत का लगभग 70 से 80 प्रतिशत गैस दी जाएगी, जो संचालन उपलब्धता पर निर्भर करेगी. इस कमी को पूरा करने के लिए पेट्रोकेमिकल इकाइयों और बिजली संयंत्रों को दी जाने वाली गैस आपूर्ति को पूरी तरह या आंशिक रूप से कम किया जाएगा.

भारत के कई उद्योग, जिनमें सिरेमिक और टाइल बनाने वाली कंपनियां भी शामिल हैं, पहले ही कह चुकी हैं कि उन्हें गैस आपूर्ति में कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है.भारत सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को मुख्य रूप से खाद्यान्न, दवाओं, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने, उनकी क़ीमतों को नियंत्रित करने और कालाबाज़ारी को रोकने के लिए लागू कर दिया है. हालांकि स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ में मालवाहक जहाज़ों को सुरक्षा देने के ट्रंप के बयान के बाद बाज़ार में घबराहट कम हुई है और क़ीमतें भी नीचे आई हैं.

## विचार सरिता

# सवाल - जवाब : मैं अपने मन की आशंका, डर और भय पर कैसे विजय प्राप्त करूँ?

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञान चर्चा में विवेक ने आचार्य सत्यव्रत से डर को दूर भगाने का उपाय पूछा। प्रश्न रोचक था। आचार्य सत्यव्रत ने समाधान प्रारंभ किया।

जिज्ञासु : मेरा मन अज्ञात आशंका से ग्रस्त होता है। मुझे यह भय सताता रहता है, कि मेरा कार्य सफल हो पाएगा या नहीं? कहीं अचानक मेरा अहित न हो जाए। मेरा कोई नुकसान न हो जाए। मैं अपने मन के इस डर को कैसे दूर करूँ?

आचार्य सत्यव्रतः भय, असुरक्षा की भावना से जन्म लेता है। यह नकारात्मक विचार का परिणाम है। यह आत्मविश्वास के अभाव से जन्मता है। भय का एक कारण भ्रम और मन की दुविधा भी है, जब हम अनिर्णय के कारण किसी कार्य को प्रारंभ करने में देर कर जाते हैं या अपनी ऊर्जा केवल चिंतन और अज्ञात आशंकाओं का सामना करने में व्यय कर देते हैं। इसका समाधान उन कारणों को दूर करने में है, जिनसे यह उत्पन्न होता है।

जिज्ञासु : कृपया इसे और स्पष्ट कीजिए। केवल सैद्धांतिक बातों से तो भय दूर नहीं होगा गुरुदेव! इनके कार्यान्वयन के संबंध में मार्गदर्शन कीजिए।

आचार्य सत्यव्रतः डर दूर करने का कार्यान्वयन भी तो मन से शुरु होता है। विचारों में सकारात्मक बनने से हम किसी समस्या का समाधान करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। फिर हम अपने संभावित नुकसान वाले

कारकों को दूर करते हैं। स्वयं के लिए एक कार्ययोजना बनाते हैं और दृढ़ संकल्प के साथ उस पर आगे बढ़ते हैं। अगर आप सकारात्मक रहें, उत्साह और आत्मविश्वास बनाए रखें तो ब्रह्मांड की सकारात्मक तरंगें आपके प्रयास से जुड़ जाती हैं और आपका कार्य सफलता की ओर बढ़ने लगता है। ईश्वर उनकी सहायता अवश्य करते हैं, जो एक उचित मार्ग का चयन कर उस पर अग्रसर होते हैं।

(सवाल और जवाब केवल सुझाव के रूप में हैं। हर व्यक्ति और हर परिस्थिति के लिए इनका समान रुप से लागू होना आवश्यक नहीं है।)

## शब्द सामर्थ्य -338


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 337 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| बा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| इ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | थि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# गृहस्थ गिरधारी की चिन्ता

बानी ने कहा अखबार उठा कर–
''सुनिए, गजाधर!
चिन्तादूर खबर–
तेल–गैस को लेकर
पी.एम. मोदी जी ने दिलाया भरोसा
उन्होंने आश्वस्त किया हमें
कि घबराए नहीं।
इसी तरह रसोई गैस का लेकर
मुख्यमंत्री सायजी ने भी कहा है–
प्रदेश में पर्याप्त स्टाक।
घबराने की जरूरत नहीं।''
गजाधर कुछ कहते, इसके पहले,
चिन्तित स्वर में
गृहस्थ गिरधारी बोल पड़े–
''ईरान–अमेरिका युद्ध की ऑच
अब रसोई तक पहुची।
गैस सिलेण्डर महंगा,
तेल के दाम भी बढ़े।''
(बुधवार 11 मार्च 2026)



–गिरीश बख्शी

## कविता

# नारी का सम्मान - केवल एक दिन क्यों?

क्यों नारी का सम्मान
सिर्फ एक दिन में बाँध दिया जाए?
जिससे जीवन का सृजन हुआ,
उसे हर दिन क्यों न प्रणाम किया जाए।
वह केवल एक रिश्ता नहीं,
वह सृष्टि का आधार है।
उसकी ममता में सागर की गहराई,
उसके साहस में पर्वत सा विस्तार है।
वह दर्द सहकर भी मुस्काती है,
आँसुओं को चुपचाप पी जाती है।
अपने सपनों को पीछे रखकर भी
सबके जीवन में खुशियाँ सजाती है।
नारी के बिना यह जग सूना है,
नारी से ही जीवन का सुरूर है।
वह धड़कनों की अनुगूँज है,
वह सृष्टि का अमिट नूर है।
इसलिए मत बाँटो उसके सम्मान को
केवल एक दिवस के उत्सव में।
उसका आदर हर पल होना चाहिए,
मानवता के हर श्वास और स्पंदन में।
जहाँ नारी का गौरव सुरक्षित है,
वहीं संस्कृति का उज्ज्वल मान है।
नारी के बिना यह जीवन अधूरा है,
नारी ही सृष्टि की पहचान है।




डॉ.गुरप्रीत कौर

## राशिफल




**मेष**

आज आपके लिए आठवें भाव में होगा. आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा. रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा. गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे. वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत से मतभेदों को टाल सकेंगे. जीवनसाथी के साथ आपके संबंध सामान्य बने रहेंगे.



**वृष राशि**

आज आपके लिए सातवें भाव में होगा. आज आपके जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मजबूत होंगे. उनके साथ रोमांस के पल गुजारेंगे. पारिवारिक या सामाजिक प्रसंगों में जाना होगा. यात्रा की संभावना है. आप मौज-मस्ती में समय व्यतीत कर सकेंगे. आपको खुशियों का अनुभव होगा. समाज में मान-सम्मान प्राप्त कर सकेंगे.




**मिथुन**

आज आपके लिए छठे भाव में होगा. आज के दिन आप नाम और कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे. आपके घर-परिवार में शांतिपूर्ण माहौल रहेगा. आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा. आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है. आपके पैसे उचित जगह खर्च होंगे. लंबे समय से फंसे कार्य अब पूरे हो सकेंगे. कार्यस्थल पर आपके काम करने के तरीकों की प्रशंसा होगी.




**कर्क**

आज आपके लिए पांचवें भाव में होगा. आज आप शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे. नकारात्मक विचार आपको परेशान करेंगे. पेट दर्द से परेशानी हो सकती है. आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है. प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से विवाद होने की संभावना रहेगी.



**सिंह**

आज आपके लिए चौथे भाव में होगा. आपके मन पर नकारात्मक विचार छाए रहने से हताशा अनुभव करेंगे. मन अस्वस्थ रहेगा. घर में मेल-जोल कम रहेगा. मां के स्वास्थ्य की चिंता होगी. उनके साथ वैचारिक मतभेद भी हो सकता है. आज जमीन सम्बंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले दस्तावेजों को पूरी तरह जरूर पढ़ें.




**कन्या**

आज शारीरिक ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होने से मन शांत रहेगा. काम में भी सफलता प्राप्त होगी. परिजनों और स्नेहीजनों के साथ संबंधों में मधुरता बनी रहेगी. उनका सहयोग भी आपको प्राप्त होगा. आध्यात्मिक विषय में आपको सिद्धि मिलेगी. जीवनसाथी के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे. प्रेम जीवन में संतुष्टि का भाव रहेगा.




**तुला**

आज आपके लिए दूसरे भाव में होगा. मानसिक दुविधा के कारण कोई निर्णय लेना आसान नहीं होगा. आज किसी नए या जरूरी काम की शुरुआत के लिए भी दिन उचित नहीं है. किसी से गलत व्यवहार के कारण आपको ही दुःख होने की आशंका रहेगी. व्यवहार में हठ को छोड़ने से परिणाम सकारात्मक आएगा.




**वृश्चिक**

आज आपके लिए पहले भाव में होगा. परिजनों के साथ आज का दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा. शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी. प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात सफल और आनंददायक रहेगी. कोई शुभ समाचार मिलेगा. मित्रों तथा स्नेहीजनों से उपहार मिलने में आनंद का अनुभव करेंगे. आनंददायक प्रवास होगा.




**धनु**

आज आपके लिए बारहवें भाव में होगा. आज दुर्घटना का भय बना रहेगा. हर मामले में ध्यान से रहें. अचानक किसी बात पर धन खर्च हो सकता है. स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी. दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी. शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता बनी रहेगी. मित्रों और स्वजनों से उपहार मिलने के योग हैं. परिवार का वातावरण प्रसन्नता का रहेगा.




**मकर**

आज आपके लिए ग्यारहवें भाव में होगा. नौकरी, बिजनेस और समाज के सभी क्षेत्रों में आज का दिन लाभदायक साबित होगा. सगे- सम्बंधियों और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बनेगी. शुभ अवसरों पर उपस्थित होने का मौका मिलेगा. परिजनों से कोई विशेष लाभ प्राप्त कर सकेंगे. विवाह योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है.



**कुंभ**

आज आपके लिए दसवें भाव में होगा. आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे हो सकेंगे. खुशी का अनुभव होगा. नौकरी या बिजनेस के लिए समय अच्छा है और आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे. बुजुर्ग और उच्च अधिकारियों की मदद से आपकी चिंता में कमी होगी. आपके दांपत्यजीवन में खुशी का माहौल रहेगा. आय में वृद्धि होगी.



**मीन**

आज आपके लिए नवें भाव में होगा. नकारात्मकता आप पर हावी न हो जाएं, इसका ध्यान रखना पड़ेगा. मानसिक दुविधा के कारण आपको भय का अनुभव होगा. आपको स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बनी रहेंगी. नौकरी में उच्च अधिकारियों से संभलकर रहना पड़ेगा. किसी विवाद की आशंका रहेगी. संतान की चिंता रहेगी.

# जननेता स्व. लाल श्याम शाह के पुण्य तिथि पर ग्राम उरवाही में किया गया सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन



**विधायक, जिला पंचायत एवं जनपद अध्यक्ष सहित समाज प्रमुखगण हुए शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। गोण्डवाना समाज केन्द्र सुवरबोड़ द्वारा महान आदिवासी नेता एवं पूर्व सांसद स्व. लाल श्याम शाह के पुण्य तिथि के अवसर पर मंगलवार 10 मार्च को मोहला विकासखण्ड के वनाचंल के ग्राम मड़ियानवाड़वी में 01 दिवसीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मण्डावी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र अध्यक्ष पुरण कुमेटी ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, पानाबरस राज के जमींदार लाल लक्ष्मेन्द्र शाह, जनपद पंचायत मोहला की अध्यक्ष श्रीमती गेंदकुंवर ठाकुर, संभागीय उपाध्यक्ष डी.आर.आचला, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भण्डारी, गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चन्द्रेश ठाकुर, पूर्व संभागीय सचिव नोहरू राम कोरेटी, लाल सिंह सोरी, नारायण नेताम, पदुम सिंह तोप्पा, कुमार कोरेटी, नोहरू राम कुमेटी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मानसाय बोगा, लाल सिंह सोरी, प्रबल सलामे, नारायण सिंह नेताम, केजूराम गोगा, राय सिंह सोरी, भाव सिंह कुमेटी, सुखराम तुलावी के अलावा सरपंच उरवाही श्रीमती चित्रेरेखा चनापे, सरपंच भोजटोला श्रीमती बिराज बाई उइके, सरपंच संगाली श्रीमती रमशिला नेताम, सरपंच मड़ियानवाड़वी श्रीमती सुंदाय कुंदन धुर्वे, थानु राम नुरेटी, लतखारे सिंह नुरेटी, रेशम नुरेटी सहित अन्य समाज प्रमुखों के अलावा बड़ी संख्या में गोण्डवाना समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज के द्वारा 02 जोड़ी विवाह गोण्डवाना रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंद्रशाह मण्डावी ने नवविवाहित दपंत्तियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। श्री मण्डावी ने समाज के लोगों को आने वाले पीढ़ी को शिक्षित करने तथा संगठित होकर समाज के विकास में योगदान देने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने इस वनांचल के ग्राम में बेहतरीन आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों को नशापान आदि बुराईयों से दूर रहने तथा बचत की आदत डालने की अपील भी की। लाल लक्ष्मेन्द्र शाह ने समाज के दशा एवं दिशा के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चन्द्रेश ठाकुर ने समाज द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने विवाह संस्कार को सबसे पवित्र संस्कार बताते हुए वर वधुओं को अपने जिम्मेदारियों को आत्मसात कर अपने कर्म एवं चरित्र की खुशबू से अपने घर-परिवार आस-पास तथा समाज को भी सुरभित करने की समझाईश दी। उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा, संगठन, आर्थिक संबलता तथा नशापान के निषेध को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने समाज के लोगों को समाज के जरूरतमंद लोगों तथा होनहार विद्यार्थियों के मदद के लिए सदैव तत्पर रहने के अलावा आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु व्यापार व्यवसाय को भी अपनाने की अपील की।

# कांग्रेसियों ने अवैध रेत-मुरूम उत्खनन को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



डोंगरगांव(दावा)। क्षेत्र में मुरुम एवं रेत के अवैध उत्खनन की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के पदाधिकारियों ने एसडीएम डोंगरगांव को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टिकेश साहू के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया और बताया कि, डोंगरगांव ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर मुरुम एवं रेत के अवैध उत्खनन की गतिविधियां लगातार सामने आ रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रिंट मीडिया और विभिन्न अखबारों के माध्यम से इसकी जानकारी लगातार प्रशासन के संज्ञान में लाई जा रही है, किंतु इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अवैध उत्खनन से प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित होने के साथ-साथ शासन को राजस्व की हानि भी हो रही है। प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों की जांच कर अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि, जनहित से जुड़े मुद्दों को शासन-प्रशासन के समक्ष रखना विपक्ष की जिम्मेदारी है। क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और कानून का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए इस विषय में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई अपेक्षित है। अवैध उत्खनन की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही यह भी कहा गया कि, यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव जनहित में आने वाले समय में इस विषय को लेकर व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री साहू सहित मोहन अय्यर, अखिलेश नखत, देवेंद्र साहू, सुंदर साहू, सद्दाम खत्री, लिलेश पटेल, मयंक यदु, बद्रीनारायण शुक्ला, हेमसिंह साहू, लक्ष्मी साहू के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## श्रद्धांजलि सभा में लाल श्याम शाह महाराज को किया गया याद



मोहला (दावा)। पानाबरस राज के जमींदार और आदिवासी समाज की आवाज रहे, लाल श्याम शाह महाराज की पुण्यतिथि पर जिला मुख्यालय मोहला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। यह कार्यक्रम उस स्थान पर हुआ, जहां उनके द्वारा दान की गई जमीन पर वर्तमान में बस स्टैंड संचालित हो रहा है। सभा में सर्व समाज के लोग शामिल हुए और उनके संघर्ष व विचारों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि लाल श्याम शाह महाराज ने आदिवासी समाज के अधिकारों, जंगलों की रक्षा और संस्कृति के संरक्षण के लिए जीवनभर संघर्ष किया। इस अवसर पर लाल लक्ष्मेंद्र शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, सर्व आदिवासी समाज के प्रवक्ता रमेश हिडामे, अध्यक्ष संजीत ठाकुर, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष धनंजय पांडे, मुस्लिम जमात अध्यक्ष मिर्जा नूर बेग, जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे, नरसिंह भंडारी, पवन तुलावी मोहला सरपंच गजेन्द्र पुरामे, खोरबाहरा राम यादव, दिलीप सिंगने, योगेन्द्र सिंगने, अमित श्रीवास्तव, मनोज नेताम, अंबर जोशीमुहम्मद खान सुखदास मंडावी सहित कई जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आसरा में तीन दिवसीय कबीर सत्संग महोत्सव आयोजित

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम आसरा में तीन दिवसीय कबीर सत्संग महोत्सव 14 से 16 मार्च तक आयोजित किया गया है। आयोजनकर्ता श्री सत्य कबीर सत्संग सेवा परिवार के सदस्यों ने बताया कि, इस गरिमामय कार्यक्रम में प्रखर वक्ता के रूप में अनिल साहेब एवं अमन साहेब कबीर आश्रम सकरी, जिला रायपुर होंगे। इस धार्मिक आयोजन में सत्संग महोत्सव दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम के आयोजकों ने धार्मिक बंधुओं से कार्यक्रम का लाभ लेने कहा है।

## कलडबरी में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा 26 से

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम कलडबरी में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण पावन पवित्र कथा का आयोजन ग्राम के शीतला मंदिर प्रांगण में 19 मार्च से होगा। मधुमास में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले इस पवित्र कथा आयोजन में व्यासपीठ पर पंडित पं.कामता प्रसाद तिवारी(कमलकांत) निवासी ग्राम अरजकुण्ड होंगे, वहीं परायणकर्ता वरूणदेव तिवारी होंगें। कथा पारायण पूजन प्रातः 05 बजे से 11 बजे तक तथा प्रवचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। गुरुवार 19 मार्च को कलश यात्रा, पुराण वेदी, व्यास पूजन, स्थापन, कथा महात्म, शुक्रवार 20 मार्च को मंगलाचरण, सर्पायण कथा, जनमेय जय भागवत आदि कथा, शनिवार 21 मार्च को गरुड़ आख्यान, सर्पजन्माख्ण, जरत्कारु, आध्यात्म निरुपण कथा, रविवार 22 मार्च को जम्भ, देवदत्त, महालक्ष्मी, ध्रुव संधि, सती महालसा आदि कथा, सोमवार 23 मार्च को कात्यायणी कथा, महिषासुर वध कथा, पंचमी श्रृंगार, महाआरती बसंत उत्सव, मंगलवार 24 मार्च को शुम्भ-निशुम्भ, महाकाली, महासरस्वती, यज्ञदेव, तुलसी महारानी विवाह उत्सव, बुधवार 25 मार्च शक्ति निरुपण, गजासुर, सती स्वयंभू, सहस्त्र नामावली आदि कथा, गुरुवार 26 मार्च दुर्गम, गायत्री, अष्टमी मंगला, देवी मणिपुर गमण, कथा विश्राम चढ़ौत्तरी(शोभायात्रा), शुक्रवार 27 मार्च गीला, तुलसी वर्षा, कपिला तर्पण, हवन पूर्णाहुति व महाप्रसादी होगा।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 17 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 17 मार्च 2026 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में परिश्रम ह्युमन रिसोर्स गुरूग्राम दिल्ली द्वारा मिटर इंस्टोलेशन के 400 पद एवं एलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड लालपुर रायपुर द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद, लेडी गार्ड के 10 पद, मार्केटिंग के 8 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 4 पद, कारपेंटर के 4 पद, सुपरवाईजर के 5 पद तथा एलआईसी ऑफ इंडिया मातृछाया परिसर अनुपम नगर राजनांदगांव द्वारा बीमा शक्ति के 100 पद पर भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित हो सकते है। ई-रोजगार के पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन पूर्व से पंजीकृत आवेदकों द्वारा नये पोर्टल पर अपडेट एवं प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है। साथ ही स्वरोजगार के लिए ऋण लेने के इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

# पुर्रामटोला के सेवानिवृत्त शिक्षिका की विदाई समारोह आयोजित



छुरिया (दावा)। ब्लॉक के शास. प्राथमिक शाला पुर्रामटोला के प्रधान पाठिका श्रीमती हालिमा बेगम कुरैशी को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार व समस्त ग्रामवासियों द्वारा सम्मान, बिदाई समारोह का आयोजन 9 मार्च 2026 को शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-श्रीमती हलीमा बेगम कुरैशी (सेवानिवृत्त प्रधान पाठिका) विशिष्ट अतिथि किरण रविंद्र वैष्णव (जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव) अध्यक्षता-श्रीमती सुखबाई सिन्हा (सरपंच ग्राम पंचायत पुर्रामटोला) विशेष अतिथि-पी.डी.साहू (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया), राधेलाल विश्वकर्मा सेवानिवृत शिक्षक, मनीराम बंजारे, (अध्यक्ष ग्राम विकास समिति) कुशल राम सिन्हा, (अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति) तुलसीराम मंडावी (पूर्व सरपंच), कनस राम सिन्हा (सरपंच प्रतिनिधि) उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शन होते है, वे कभी सेविनिवृत नहीं होते। अपनी प्रेरणा से समाज को सशक्त बनाते हैं और शिक्षक का जीवन सेवा, समर्पण और संस्कारों का प्रतीक होता है। उनके लिए बिदाई जीवन का भावनात्मक क्षण होता है जो शिक्षक और संस्था दोनों के लिए अविस्मरणीय रहता है और उनके सहयोगियों ने भी उसका साथ निभाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्हें प्रतीक चिन्ह, स्मृति चिन्ह पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन मोतीराम सिन्हा और आभार प्रदर्शन रूपेंद्र वैष्णव ने किया। शिक्षक राम मनोहर देवांगन ने उनके कार्यकाल का सहारा करते हुए कहा कि, उन्होंने विद्यालय और विद्यार्थियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान इस शाला को दिया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। और पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह बैठकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अवसर में राममनोहर देवांगन, रूपेंद्र वैष्णव, डोमन लाल साहू, श्रीमती पदमा सेवता, नागेश बंजारे, संकुल समन्वयक संतु राम चौरे, नरेंद्र कुमार साहू, पुष्पेंद्र यादव, जनक यदु, अशोक कुमार साहू, श्रीमती सीमा सहारे, पिंगला सिंन्हा, पुष्पा पिस्दा, आरती दुबे और शाला के बच्चे ग्रामवासी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी शाला के शिक्षक राममनोहर देवांगन ने दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत महिला साक्षरता संगोष्ठी का हुआ आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला साक्षरता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने भारतीय संविधान द्वारा महिलाओं को प्राप्त अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही टोल फ्री नंबर 181 एवं बाल संरक्षण चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 के बारे में बताया। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती रश्मि सिंह ने साक्षर महिला, साक्षर समाज विषय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, शिक्षा ही समाज के विकास की मुख्य धुरी है। पढ़ने के लिए हर उम्र सही है। पढ़ने-लिखने में हमें संकोच नहीं करना चाहिए। जीवन भर सीखने की ललक होनी चाहिए। स्वयंसेवी शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा दान महादान हैं और किसी असाक्षर को साक्षर करने में जो आनंद की अनुभूति होती है, वह किसी दूसरे कार्य में नहीं होती है। हमें अपने ज्ञान को दूसरों में बांटना चाहिए ताकि वह भी कुछ सीख कर जीवन में बहुत कुछ हासिल कर सके। कार्यक्रम में नवसाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। असाक्षरों को साक्षरता किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती कामिनी साहू, एपीसी समग्र शिक्षा नितिन हिरवानी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ पीडी साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छुरिया श्रीमती कल्पना पटले, श्रीमती मनीषा कोवर्ते, श्री यदु सहित संकुल समन्वयक, नवसाक्षर महिलाएं एवं स्वयंसेवी शिक्षक उपस्थिति रहे।

# संगीता को मिला महतारी वंदन योजना का लाभ, अब आसानी से निभा पा रही पारिवारिक जिम्मेदारी

**महिलाओं की आत्मनिर्भरता और आर्थिक संबल बन रही महतारी वंदन योजना**



मोहला (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ वे आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। ऐसी ही कहानी है, मानपुर विकासखंड के ग्राम सरोली निवासी श्रीमती संगीता की, जिनके जीवन में महतारी वंदन योजना ने बड़ी राहत प्रदान की है। संगीता एक साधारण गृहिणी हैं, जो पहले अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में कई चुनौतियों का सामना करती थीं। लेकिन अब इस योजना के अंतर्गत मिलने वाली 1000 रुपए की मासिक सहायता राशि ने उनके जीवन को काफी हद तक आसान बना दिया है। हर महीने मिलने वाली इस राशि से संगीता अब घर के छोटे-मोटे खर्च आसानी से पूरा कर पा रही हैं। वे इस सहायता राशि का उपयोग घर के लिए राशन सामग्री खरीदने और साप्ताहिक बाजार से आवश्यक सामान तथा सब्जियां लेने में करती हैं। पहले उन्हें इन जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई होती थी और कई बार पति की आय पर ही पूरी तरह निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब महतारी वंदन योजना की सहायता राशि उनके लिए बड़ा सहारा बन गई है। श्रीमती संगीता बताती हैं कि, इस योजना ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक तंगी को कम किया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर दिया है। अब वे अपनी दैनिक जरूरतें स्वयं पूरी कर पा रही हैं, जिससे उनके परिवार को एक स्थिर और बेहतर जीवन मिल रहा है। हितग्राही संगीता ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से उन्हें और उनके परिवार को काफी मदद मिली है। अब वे अपने बच्चों और घर की आवश्यकताओं को बिना किसी परेशानी के पूरा कर पा रही हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री साय को धन्यवाद दिया।

# अफ़ीम के कारोबार पर भाजपा सरकार मौन, गृहमंत्री दें इस्तीफ़ा -चुम्मन साहू

**दुर्ग से बलरामपुर तक अफ़ीम का जाल, भाजपा सरकार की भूमिका पर उठे सवाल**



छुरिया(दावा)। बलरामपुर में अफ़ीम की खेती पकड़े जाने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार और गृहमंत्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, जिस गांव में अफ़ीम की खेती पकड़ी गई, वहां के सरपंच ने खुद स्वीकार किया है कि, उसने जनवरी महीने में ही पुलिस को इसकी सूचना दे दी थी, इसके बावजूद महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ है कि नशे का यह नेटवर्क प्रशासन की नाक के नीचे और सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहा है।

चुम्मन साहू ने कहा कि, दुर्ग में भाजपा नेता द्वारा अफ़ीम की खेती का मामला सामने आने के बाद भी उसे मुख्य आरोपी नहीं बनाया गया, वहीं बलरामपुर में सूचना मिलने के बाद भी पुलिस की निष्क्रियता कई बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि, प्रदेश में 'सूखे नशे' का संगठित नेटवर्क चल रहा है, जिसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि, अगर सरकार में जरा भी नैतिकता बची है तो प्रदेश के गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफ़ा देना चाहिए। अन्यथा मुख्यमंत्री को उन्हें पद से बर्खास्त करना चाहिए। चुम्मन साहू ने कहा कि साय सरकार 'सुशासन' का दावा करती है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि प्रदेश में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है और भाजपा सरकार मौन बनी हुई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर यही हाल रहा तो प्रदेश में लोग कहने लगेंगे 'सूखा नशा ही सुशासन है।' उन्होंने कहा कि, जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देगी। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जो भी दोषी हो, चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अभ्यास करें, सफलता अवश्य मिलेगी- श्रीमती नम्रता सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष



**पेंदाकोडो स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित**

मोहला (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह के मुख्य आतिथ्य में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोडो में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य महेश कुंजाम, जनप्रतिनिधि रमेश हिड़मे, राजेंद्र जुरेशिया, हेमंत नेताम, ओमप्रकाश शिक्षकगण स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, विभागीय अधिकारी, शिक्षक, पालक तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, आज का समय प्रतिस्पर्धा का है, इसलिए सभी को अपना लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अभ्यास करना चाहिए तभी सफलता प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि, शिक्षा अत्यंत आवश्यक है और वर्तमान समय में करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। अपनी रुचि के अनुसार करियर का चयन कर परिश्रम करें तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि, किसी भी परिस्थिति में हार न मानें और निरंतर प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं एक परिवार की तरह हैं, इसलिए एक-दूसरे का सहयोग करें और आगे बढ़ने के लिए एक-दूसरे को प्रेरित करें। पालकों और शिक्षकों का सम्मान करना हमारे संस्कार का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि, शासन द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे समाज में उनकी भागीदारी और सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। अंत में उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई विशेषता होती है, जो उसे दूसरों से अलग बनाती है। अपनी क्षमता को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय आत्मनिर्माण का है, इसलिए दृढ़ संकल्प के साथ पढ़ाई करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि उन्हें यहां पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिला है, इसलिए पालकों के विश्वास पर खरा उतरें और समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें। कलेक्टर ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि, महिला सशक्तिकरण की शुरुआत घर से होती है। बच्चों को घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ पढ़ाई के लिए भी प्रोत्साहित करना आवश्यक है। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर ने कहा कि, आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने छात्राओं से दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अध्ययन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बालिकाओं को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्र, क्षेत्र एवं समाज निर्माण में सहभागिता की बात कहीं।

**बालिकाओं ने जनप्रतिनिधियों के साथ मनाया जन्मदिन, काटा केक**

कार्यक्रम के दौरान आवासीय विद्यालय में इस माह जन्मदिन पड़ने वाली छात्राओं का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में छात्राओं ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना डोंगरगांव अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर पूर्ति के लिए https://aww.e-bharti/in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। इसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्र भटगुना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 3 पद, आसरा में सहायिका के 6 पद एवं भोथली में सहायिका के 1 पद के लिए 20 मार्च 2026 तक तथा आंगनबाड़ी केन्द्र अरसीटोला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 पद के लिए 27 मार्च 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल आवेदन आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना डोंगरगांव से प्राप्त की जा सकती है।

# महिला दिवस के अवसर पर साहित्य एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु महिलाओं को किया गया सम्मानित

डोंगरगढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, समानता और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्रीमती आशा चौधरी ने कार्यक्रम का सफल निर्देशन किया।




नारी परिवार की आधारशिला है, जो समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है -श्रीमती शुभदा मिश्रा

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत समारोह से हुआ। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्रीमती आशा चौधरी ने मुख्य अतिथि साहित्यकार श्रीमती शुभदा झा को सम्मानित किया और उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। साथ ही डॉ. अंकिता शर्मा और डॉ. देवश्री देवांगन को पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। डॉ. श्रीमती ईव्ही रेवती ने अपने उद्घाटन भाषण में इस वर्ष की महिला दिवस की थीम पर चर्चा की और उपस्थित सभी अतिथियों के कार्यों से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया और यह भी बताया कि महिला सशक्तिकरण का प्रभाव केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र पर भी पड़ता है। मुख्य अतिथि श्रीमती शुभदा मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि शोध कार्य जीवन में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह जीवन के अध्ययन और समर्पण से ही संभव हो पाता है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिला के आत्म सम्मान की भी बात की और छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि महिलाओं को हर परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। नारी न केवल परिवार की आधारशिला है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# रानी रश्मि देवी सिंह कॉलेज में बीएफएसआई पर चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में वाणिज्य संकाय और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बीएफएस आई बैंकिंग वित्तीय सेवा एवं इंश्योरेंस विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र साखरे ने की। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में रोहित खेत्रपाल टैलेंट स्किल यूनिवर्सिटी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभागाध्यक्ष मोनिका जत्ती, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष सतीश महाला, शबाना खान, हिरेंद्र ठाकुर, डॉ. उमेंद चंदेल, मेधाविनी तूरे, सौम्या गुप्ता, मैथिली पटेल, वर्षा साहू, सौरभ साहू, पायल सुधाकर, अजय वर्मा, दुर्वासा सिंह,



बैंकिंग, बीमा और शेयर बाजार के गुर सीखकर विद्यार्थी हुए सशक्त, रोजगार के खुलेंगे नए द्वार

मानिकचंद बंजारे, शिखा जोशी, टिकेश्वरी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग, वित्तीय प्रबंधन, निवेश, बीमा योजनाओं तथा शेयर बाजार की मूलभूत जानकारी प्रदान करना था। जिससे वे रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक हो सकें। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग, बीमा के प्रकार, निवेश के विकल्प एवं शेयर बाजार की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न सत्रों में प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपने ज्ञान में वृद्धि की। प्रशिक्षण के अंतिम दिन परीक्षा भी आयोजित की गई। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ओपी गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास एवं कौशल उन्नयन में सहायक सिद्ध होते हैं। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र साखरे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम बरगा में नारी शक्ति का सम्मान मेधावी छात्र-छात्राओं ने भी बटोरी सुर्खियां

राजनांदगांव (दावा)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम बरगा में बड़ौदा आरसेटी राजनांदगांव द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर मातृशक्ति के योगदान को नमन किया गया। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण ही समाज की प्रगति की असली पहचान है। उन्होंने जोर दिया कि आज महिलाएं शिक्षा से लेकर रोजगार तक हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। सशक्त महिला ही एक सशक्त परिवार और उन्नत राष्ट्र का निर्माण करती है।




जिला पंचायत अध्यक्ष और अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह, बड़ौदा आरसेटी द्वारा आयोजित हुआ गरिमामय कार्यक्रम

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिले मेडल

समारोह के दौरान स्थानीय क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि बच्चों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने से उनमें प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना विकसित होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकार ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू और समाजसेवी पप्पू चंद्राकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता और ग्रामीण विकास के विशेषज्ञों ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, लीड बैंक मैनेजर मोनीष शर्मा, अचला नंदेश्वर (मुख्य ऋण अधिकारी), नबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मनोज कुमार नायक, आरसेटी डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा और वरिष्ठ संकाय ऋषभ मिश्रा सहित प्रेमचंद साहू उपस्थित रहे। अधिकारियों ने महिलाओं को बैंक की विभिन्न लाभकारी योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

# राजनांदगांव के लाइनमैन ईश्वरी लाल वर्मा दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित




केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्री नाईक ने दिया सर्वश्रेष्ठ लाइनमैन का पुरस्कार

राजनांदगांव (दावा)। जिले के मुसराकला वितरण केन्द्र में कार्यरत ईश्वरी लाल वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड में आयोजित एक भव्य समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक द्वारा श्री वर्मा को देशभर से चयनित चुनिंदा लाइनमैनों के बीच सर्वश्रेष्ठ लाइनमैन के गौरवपूर्ण सम्मान से विभूषित किया गया।

इस अवसर केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री के द्वारा श्री वर्मा को प्रशस्ति पत्र, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ संभाग के मुसराकला वितरण केन्द्र में पदस्थ लाइनमैन ईश्वरी लाल वर्मा को यह राष्ट्रीय पुरस्कार उनकी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में अटूट कर्तव्यनिष्ठा, उच्च तकनीकी दक्षता और सुरक्षा मानकों का कढ़ाई से पालन करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किया गया है।

विशेष रूप से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रिकॉर्ड सोलर कनेक्शन प्रदान करने में उनके असाधारण योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई।

# युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास से जोड़ना समाज का मुख्य लक्ष्य : गिरवर साहू

डोंगरगढ़ (दावा)। पढ़बो-पढ़ाबों, समाज ल आगु बढ़ाबों के ध्येय वाक्य के साथ तहसील साहू संघ द्वारा आलेदण्ड, चारभाटा और कोहलाकसा में सामाजिक जागरूकता अभियान एवं परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और आरती के साथ हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि यद्यपि छत्तीसगढ़ में साहू समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी माना जाता है, लेकिन आज भी समाज के युवक-युवतियों के बीच शिक्षा के स्तर में भारी असमानता देखने को मिलती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस खाई को केवल सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही पाटा जा सकता है।




आलेदण्ड, चारभाटा और कोहलाकसा में परिवार सम्मेलन सम्पन्न, सामाजिक असमानता दूर करने पर दिया जोर

## कौशल विकास पर केंद्रित होगा समाज

गिरवर साहू ने समाज के भविष्य की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। समाज का प्रमुख लक्ष्य अब युवाओं को कौशल विकास से जोड़ना है, ताकि वे न केवल शिक्षित बनें बल्कि आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भी हो सकें। उन्होंने उपस्थित परिवारों से अपील की कि वे बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें तकनीकी और व्यावहारिक कौशल सीखने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य रूप से तहसील साहू संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश साहू, सचिव रामाधीन साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, महिला संगठन सचिव श्रीमती उमा साहू एवं आरती साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सम्मेलन में हनुमान दास साहू, दुर्गेश साहू, उभे राम साहू, मिलेश साहू, महेतरु साहू, मनोज साहू, गुलाब साहू, रोहित साहू, रामखिलावन साहू, चंद्रकांत साहू, ललिता साहू, कैलाश बाई साहू, पुरुषोत्तम साहू और हेमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु और मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# स्वस्थ जीवनशैली अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रतिदिन योग शिविर आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा स्वस्थ जीवनशैली अभियान अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सुरगी, बघेरा, सुकलदैहान, मोहन्दी, पदुमतरा, भैंसातरा, मोहारा, बोरतलाव, कनेरी, बेलरगोंदी, गैंदाटोला, महरूम, चिरचारीकला एवं सड़क चिरचारी, आयुष योगा एण्ड वेलनेस सेंटर, आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली प्रतिदिन सुबह 7 बजे से विशेष योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को गैरसंचारी रोगों, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से बचाव तथा रोगों को नियंत्रित रखना हैं। सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रतिमाह बीपी, शुगर स्क्रीनिंग की जायेगी। योग तथा जीवन शैली द्वारा इन रोगियों को मिलने वाले लाभों एवं सुधार की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आयुष चिकित्सकों द्वारा दिनचर्या में अनियमित जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव के लिए दैनिक खानपान एवं जीवनशैली में सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने जिले के नागरिकों से गैरसंचारी रोगों से बचाव एवं नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित योगाभ्यास के लिए अपने निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में शामिल होने की अपील की है।

# नगर निगम के चार कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई, आयुक्त ने बेदाग सेवाकाल को सराहा

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के सभागार में मंगलवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त हुए चार कर्मचारियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में साथियों ने अपने साथी कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में सहायक राजस्व निरीक्षक कांतिलाल कोसरे, सहायक ग्रेड-3 राजेन्द्र कुमार रामटेके, वाहन चालक बैन्जामिन युनूस एवं सफाई कामगार श्रीमती श्यामबाई डोंगरे को माला पहनाकर, शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर आयुक्त एवं अधिकारियों ने उन्हें अवकाश नगदीकरण का चेक भी प्रदान किया। आयुक्त ने कर्मचारियों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि शासकीय सेवा में आना और जाना एक प्रक्रिया है, लेकिन संस्था से अनुभवी लोगों का जाना दुखद होता है। श्री कोसरे ने विधि विभाग, श्री रामटेके ने प्रधानमंत्री आवास योजना, श्री युनूस ने फायर ब्रिगेड संचालन और श्रीमती श्यामबाई ने सफाई कार्य को पूरी कुशलता से निभाया है। इनका स्थान कोई नहीं ले सकता, लेकिन जूनियर कर्मचारियों को इनसे कार्यकुशलता सीखनी चाहिए।

कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम जैसी संस्था, जो सीधे जनता से जुड़ी है, वहां बेदाग छवि के साथ सेवानिवृत्त होना एक बड़ी उपलब्धि है। अधिकारियों ने उनके स्वस्थ और सुखी सामाजिक जीवन की कामना की। विदाई ले रहे चारों कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि निगम परिवार में काम करने से उन्हें समाज में एक अलग पहचान मिली। उन्होंने सभी अधिकारियों और सहकर्मियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस दौरान सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे सहित निगम के बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर जश्न नहीं, रक्तदान : युवा उप सरपंच भागवत ने पेश की मानवता की मिसाल

राजनांदगांव (दावा)। समाज में बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है, इस बात को चरितार्थ किया है ग्राम पंचायत खुर्सीपार (आश्रित ग्राम विष्णुपुर) के युवा उप सरपंच और छात्र युवा मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष भागवत वर्मा ने। भागवत ने अपने 24वें जन्मदिन के अवसर पर फिजूलखर्ची के बजाय 14वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर युवाओं को जागरूकता का संदेश दिया। उनके इस कदम से प्रेरित होकर निकटस्थ ग्राम सुंदरा के 6 अन्य युवाओं ने भी रक्तदान कर मानवता की मशाल जलाई।



ग्राम सुंदरा के 6 युवाओं ने भी किया रक्तदान, यशवंत साहू ने 18वीं बार रक्त देकर जगाई सेवा की अलख

छात्र युवा मंच के संयोजक नागेश यदु की उपस्थिति में हुए इस रक्तदान कार्यक्रम में भागवत वर्मा ने कहा कि जन्मदिन को केवल पार्टी और मनोरंजन तक सीमित रखने के बजाय इसे किसी की जान बचाने के काम में लाना चाहिए। नागेश यदु ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवा नेतृत्व का ऐसा सामाजिक योगदान स्वस्थ भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अभियान में ग्राम सुंदरा के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें सबसे खास योगदान यशवंत साहू का रहा, जो अब तक 18 बार रक्तदान कर चुके हैं।

वर्ष 2008 से निरंतर रक्त दान कर रहे यशवंत ने बताया कि उनके लिए यह केवल कार्य नहीं, बल्कि जीवन की प्रतिबद्धता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जन्मदिन पर वृक्षारोपण, देहदान या जरूरतमंदों की सहायता कर समाज को नई दिशा दें। रक्तदान करने वाले अन्य जागरूक युवाओं में सुंदरा के सरजु साहू, हेतु साहू, गोपेश साहू और सूरज साहू शामिल हैं। ग्राम्य कवि पवन यादव 'पहुंचना' ने बताया कि यशवंत के इस प्रेरणादायी कार्य के लिए उन्हें पूर्व में ग्राम स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है।

# कमलादेवी राठी महिला कॉलेज में नैनो तकनीक पर मंथन : 6 दिवसीय कार्यशाला का आगाज

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान और नवाचार को नई दिशा देने के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार, 9 मार्च से हुआ। रूसा 2.0 प्रॉपर्टी ग्रांट के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम कम्प्यूटर आधारित सामग्री एवं नैनो सामग्री नवाचार विषय पर केंद्रित है, जो आगामी 14 मार्च तक जारी रहेगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और शोधार्थियों को डिजिटल सिमुलेशन और मॉडलिंग तकनीकों से परिचित कराना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से नैनो प्रौद्योगिकी और सामग्री विज्ञान के क्षेत्र में उच्च स्तरीय अनुसंधान को गति मिलेगी।



रूसा 2.0 के तहत विज्ञान संकाय के लिए विशेष प्रशिक्षण, सिएस्टा सॉफ्टवेयर से सीखेंगे नैनो सामग्री का डिजिटल सिमुलेशन

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में एसएसटीसी भिलाई के भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन एल. वर्मा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने नैनो सामग्री के भविष्य और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस सत्र में पीएचडी शोधार्थी नायाब उल मलिक ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को विशेष रूप से सिएस्टा और ट्रांसिएस्टा जैसे उन्नत सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके माध्यम से ऊर्जा भंडारण और नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे जटिल विषयों पर कंप्यूटर आधारित प्रयोग करना आसान होगा। इस गरिमामय आयोजन में दुर्ग संभाग के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापक एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी डॉ. मोहन एल. वर्मा, समन्वयक श्रीमती नंदिनी चंद्रवंशी, एवं श्रीमती तारा ठाकुर सहित अन्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ द्वारा मंदिर परिसर में सभी ओर गंगा जल से शुद्धिकरण किया गया

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी अभिषेक चौबे ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, श्रीराम जानकी बाला बाबा मंदिर सोनार पारा राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में चन्द्रग्रहण के अवसर 6:47 के पश्चात् मंदिर परिसर में सभी ओर गंगा जल से शुद्धिकरण किया गया। तत्पश्चात् भगवान लक्ष्मीनारायण राधाकृष्ण राम सीता, लक्ष्मण, गोपाल जी का महाअभिषेक, श्रृंगार किया गया। महाआरती कर भक्तों के प्रसादी वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, रुचि नामदेव, अनिल नागवंशी के अलावा बहुत से भक्तगण उपस्थिति रहें।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ के चुनाव हेतु केंद्रीय कार्यालय का शिलान्यास, योगेश चौरे की दावेदारी से सरगर्मी तेज

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ (पंजीयन क्रमांक 6472) के प्रांताध्यक्ष पद हेतु चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में आज मंत्रालय/संचालनालय, इंद्रावती भवन के समीप 'संचालनालय कर्मचारी संघ' के प्रदेश कार्यालय में चुनाव संचालन समिति एवं समन्वय समिति के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बेहद सादगी और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।



28 मार्च को होगा मतदान, मंत्रालय के समीप संचालनालय कर्मचारी संघ भवन से संचालित होंगी चुनावी गतिविधियाँ

इस अवसर पर संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष गजानन मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिन्होंने कार्यालय का उद्घाटन कर प्रत्याशी व उनकी टीम को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारोह में कर्मचारी जगत के कई प्रमुख चेहरे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। जिसमें प्रमुख रूप से जय साहू (अध्यक्ष, संचालनालय कर्मचारी संघ), श्रीमती जगदीप बजाज (अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ), देव आशीष दास (कोषाध्यक्ष), हरिश्चंद्र यादव, सुरेश ढीढी, राजेश कामले एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चुनाव संचालन हेतु नियुक्ति कर दी गई जिम्मेदारी

प्रांताध्यक्ष पद के सशक्त दावेदार डोंगरगढ़ निवासी एवं निवर्तमान महामंत्री योगेश चौरे ने बताया कि यह कार्यालय आगामी 28 मार्च को होने वाले मतदान और मतगणना के अगले दिन तक नियमित रूप से संचालित रहेगा। यहीं से पूरे प्रदेश की चुनावी गतिविधियों का संचालन और नियंत्रण किया जाएगा। समिति द्वारा कार्यालय की जिम्मेदारी हेतु निम्नलिखित नियुक्तियां की गई हैं। कार्यालय प्रभारी सुरेश ढीढी एवं लोकेश वर्मा, कार्यालय मंत्री राकेश ठाकुर को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है।

# अफीम खेती के मामलों को लेकर कांग्रेस आज करेगी भाजपा कार्यालय का घेराव

## अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक से निकलेगा जुलूस, शहर व ग्रामीण कांग्रेस की संयुक्त बैठक में तय हुई रणनीति

राजनांदगांव(दावा)। दुर्ग क्षेत्र के ग्राम समोदा में भाजपा पदाधिकारी विनायक ताम्रकार द्वारा अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आने के बाद अब बलरामपुर जिले में भी इसी तरह का प्रकरण सामने आया है। इन मामलों को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और इसे युवाओं को नशे की ओर धकेलने की साजिश बताया है।





प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 12 मार्च 2026, गुरुवार की सुबह 10:30 बजे अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक, राजनांदगांव में जिला शहर और ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद रैली के रूप में भाजपा कार्यालय तक पहुंचकर घेराव और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

इस संबंध में 10 मार्च को जिला शहर कांग्रेस कमेटी और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तय की गई तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, दुर्ग और बलरामपुर में सामने आए अफीम खेती के मामले बेहद गंभीर हैं। यदि सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों के खिलाफ ऐसे आरोप सामने आ रहे हैं तो इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच उठाएगी और नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं मिलने दिया जाएगा।

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि प्रदेश में नशे के बढ़ते मामलों को लेकर जनता में चिंता है। सरकार को इस दिशा में सख्त कदम उठाने चाहिए, लेकिन उल्टा सत्ता से जुड़े लोगों के नाम ही ऐसे मामलों में सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएगी।

# डॉ. रमन सिंह के अच्छे स्वास्थ्य के लिए किया गया सुंदरकांड व सामूहिक हनुमान चालिसा का पाठ



राजनांदगांव (दावा)। गंज चौक स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में श्रीमती मौसमी शर्मा व उनके महिला मंडल द्वारा विधानसभा अध्यक्ष व हमारे राजनांदगांव के विधायक डॉ रमन सिंह के सफल ऑपरेशन के पश्चात उनके अच्छे-अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुंदरकांड व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

पूजा अर्चना के पश्चात प्रसादी वितरण कर सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री व हमारे मार्गदर्शक डॉ. रमन सिंह के लिए श्री राम जी व बालाजी हनुमान जी से आशीर्वाद मांगा व डॉ. साहब के जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना की गई। सुंदरकांड व सामूहिक हनुमान का पाठ व डॉ साहब के लिए प्रभु से आशीर्वाद प्राप्त करने पूर्व कैबिनेट मंत्री व हमारे मार्गदर्शक खूबचंद पारख, उत्तर मंडल अध्यक्ष बड़े भैय्या सुमित सिंह भाटिया, मंडल महामंत्री चंद्रभान जघेल, उपाध्यक्ष श्रीमती शालू वर्मा, श्रीमती रानू मेश्राम, मनीष श्रीवास्तव, कमल सिंह ध्रुव, कबीर साहू व अन्य उत्तर मंडल भाजपा राजनांदगांव के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए।

# मटियामोती जलाशय से राजनांदगांव के लिये छोड़ा पानी

राजनांदगांव (दावा)। शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जल स्तर कम होने के कारण रॉ वाटर प्रदाय हेतु महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बालोद को मटियामोती जलाशय से नगर निगम राजनांदगांव के लिये आरक्षित पानी में से पानी छोडने पत्र लिखा गया था। जिसके परिपालन में 10 मार्च को मटियामोती जलाशय से पानी छोडने की कार्यवाही की गयी। महापौर मधुसूदन यादव एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निर्देश पर जल संसाधान विभाग बालोद एवं नगर निगम राजनांदगांव के जल विभाग के स्टॉफ की उपस्थिति में मटियामोती जलाशय से पानी को छोडने़ की कार्यवाही की गयी है। उक्त पानी 4-5 दिनों में 35 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा। मटियामोती जलाशय के लगभग 600 एमसीएफटी पानी में से 300 एमसीएफटी पानी ग्रीष्म ऋतु के लिए नगर निगम राजनांदगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए सुरक्षित रखा गया है। सुरक्षित पानी को कल छोड़ने की कार्यवाही की गयी। गत माह महापौर श्री यादव द्वारा मटियामोती जलाशय का निरीक्षण कर आवश्यकता अनुसार पानी लेने निर्देश दिया गया था। निर्देशानुसार पत्राचार कर पानी लेने प्रक्रिया की गयी। गर्मी बढ़ने पर एनीकट में पानी की संग्रहण क्षमता अनुसार मोगरा जलाशय से भी पानी लिया जावेगा, ताकि ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराया जा सकें। इधर निगम प्रशासन के जल विभाग के अमले ने रूट मार्ग की सफाई कर पानी की सुरक्षा के लिए रूट मार्ग पर मानिटरिंग की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।



# कलेक्टर ने राजनांदगांव तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### एक माह में 274 राजस्व प्रकरणों का हुआ निराकरण

### तहसील कार्यालय पहुंचे नागरिकों से सीधे चर्चा कर सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज तहसील कार्यालय राजनांदगांव का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित राजस्व प्रकरणों, अभिलेख संधारण तथा आम नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि, पटवारियों से प्रकरणों के संबंध में समय-समय पर प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें तथा न्यायालय से आदेश पारित होने के पश्चात अभिलेखों में आवश्यक दुरूस्ती की कार्रवाई तत्काल की जाए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजनांदगांव तहसील कार्यालय में एक माह के भीतर 274 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है।कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने तहसील कार्यालय में उपस्थित नागरिकों एवं अधिवक्ताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसील डौंडीलोहारा के ग्राम रेंगाडबरी निवासी आवेदिका श्रीमती सुशील चंद्राकर द्वारा ग्राम चिखली स्थित भूमि के दान पत्र के आधार पर नामांतरण संबंधी आवेदन के संबंध में जानकारी दी गई, जिस पर कलेक्टर ने प्रकरण का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लखोली निवासी आवेदिका गरिमा ने लखोली स्थित भूमि के बंटवारा संबंधी प्रकरण में उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं रेवाडीह निवासी आवेदक भूषण सिंह चंदेल द्वारा भूमि के ऑनलाइन अभिलेख दुरूस्ती संबंधी आवेदन के संबंध में चर्चा की गई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दो दिवस के भीतर अभिलेख अद्यतन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम गौतम पाटिल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार प्यारेलाल नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सिंघोला में माँ भानेश्वरी शक्ति पीठ में चैत्र नवरात्रि महोत्सव 18 मार्च से

राजनांदगांव(दावा)। ग्राम सिंघोला स्थित माँ भानेश्वरी शक्ति पीठ में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

माँ भानेश्वरी शक्ति पीठ में चैत्र नवरात्रि पर्व के अंतर्गत 18 मार्च 2026, बुधवार को चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के दिन दीप प्रज्ज्वलन एवं ज्योति स्थापना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात 22 मार्च 2026, रविवार को चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी के अवसर पर कलश स्थापना की जाएगी। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन शाम 6 बजे से देवी जस एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से माता रानी की आराधना करेंगे। आयोजन के अंतर्गत 25 मार्च 2026, बुधवार को चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन हवन, यज्ञ, पूजन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।



वहीं 26 मार्च 2026, गुरुवार को चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी के दिन जंवारा विसर्जन एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें आसपास के गांवों के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

समिति द्वारा बताया गया है कि, रामनवमी एवं आश्विन शुक्ल पक्ष दुर्गा नवमी के अवसर पर भी ज्योति प्रज्वलित की जाती है। श्रद्धालु घृत ज्योति के लिए 1501 रुपये तथा तेल ज्योति के लिए 1101 रुपये की राशि जमा कर माँ भानेश्वरी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर सकते हैं। इसके साथ ही माता का जगराता एवं जस झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। माँ भानेश्वरी शक्ति पीठ समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष भोजराम साहू, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, सचिव रोशन साहू तथा सह सचिव कुबेर साहू सक्रिय रूप से आयोजन की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं संरक्षक मंडल में लखन साहू, पुरानिक साहू, रामबिलास, अमर सिंह एवं भुवन साहू शामिल हैं।

आयोजन स्थल माँ भानेश्वरी देवी तीर्थ स्थल, ग्राम सिंघोला राजनांदगांव से दक्षिण दिशा में बालोद रोड पर लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माँ भानेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। दान अथवा सहयोग हेतु दिलीप कुमार ठाकुर (मो. 8349511188) से संपर्क किया जा सकता है। समिति ने श्रद्धालुओं से दान राशि की रसीद अवश्य लेने का आग्रह भी किया है।




# गांधी सभागृह में आज दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण हेतु लगेगा मूल्यांकन शिविर

राजनांदगांव(दावा)। एग्रीकल्चर एन्श्युरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड ए.आई.सी के निगमित सामाजिक दायित्व सी.एस.आर. भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को जबलपुर द्वारा जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु मूल्यांकन आज 12 मार्च दिन गुरूवार को जनपद पंचायत एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए गांधी सभागृह राजनांदगांव में समय प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक रहेगा।

**महापौर मधुसूदन यादव द्वारा दिव्यांगजनों को शिविर का लाभ लेने हेतु की गई अपील**

शिविर में विषय विशेषज्ञों के मूल्यांकन व चिन्हांकन के अनुसार दिव्यांगजनों को एलिम्को के सौजन्य से मोटराइज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर चाईल्ड/एडल्ड, केचेस एल्बो, बैसाखी चार प्रकार, वाकिंग स्टीक एडजेस्टेबल, ब्रेल केन फोल्डिंग, ब्रेल किट, रोलेटर, श्रवण यंत्र, सीपी चेयर, शेल फोन, सुगम्य केन, जाय स्टीक व्हील चेयर, टी.एल.एम. कीट, कैलीपर्स कृत्रिम अंग आदि सहायक उपकरण पात्रता के अनुसार प्रदाय किया जाएगा।

उक्त शिविर का लाभ लेने हेतु महापौर मधुसूदन यादव द्वारा दिव्यांगजनों को शिविर का लाभ लेने हेतु दिव्यांग साथियों व उनके पालकों सहित सेवाभावियों से अपील की गई है कि, शिविर में दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है। उन्हें शिविर स्थल तक पहुंच कर अपना परीक्षण कराना सुनिश्चित करें व दिव्यांग साथी शिविर में आते वक्त अपने साथ आय प्रमाण पत्र 22500.00 प्रतिमाह से कम हो, आधारकार्ड, आवास प्रमाण पत्र, यूडीआईडी, दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मोबाईल नंबर अवश्य साथ लावें। विशेषज्ञों के मूल्यांकन अनुसार दिव्यांगता के अनुरूप लगने वाली उपकरण शीघ्र ही उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# किसानों को ग्रीष्मकालीन धान से रोका, खुद अफीम की खेती में लगे भाजपा नेता-संतोष पिल्ले

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेताओं पर अफीम की खेती के आरोप को लेकर सियासत तेज हो गई है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि, एक तरफ सरकार किसानों को ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने से रोक रही है वहीं दूसरी ओर भाजपा के ही नेता अफीम जैसी नशीली फसल की खेती करते पाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे भाजपा की अपरंपार लीला बताते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। श्री पिल्ले ने भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार किसानों को ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने से रोक रही है और तरह-तरह के निर्देश जारी कर रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। श्री पिल्ले ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि भाजपा की लीला सचमुच अपरंपार है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर लगातार दबाव बनाती थी और नैतिकता की बड़ी-बड़ी बातें करती थी।



**भाजपा की लीला अपरंपार किसानों पर पाबंदी और नेताओं की अफीम खेती पर उठाए सवाल**

लेकिन आज हालात बिल्कुल उलट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि, भाजपा के शासनकाल में प्रदेश में शराब की बिक्री तेजी से बढ़ी है और जगह-जगह शराब की नदियां बह रही हैं। इससे समाज पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। श्री पिल्ले ने कहा कि इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह है कि किसानों को धान जैसी पारंपरिक फसल की खेती करने से रोका जा रहा है, जबकि भाजपा के ही कुछ नेताओं पर अफीम जैसी खतरनाक और नशीली फसल की खेती करने के आरोप सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, यदि यह आरोप सही हैं तो यह बेहद गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई भी की जानी चाहिए, ताकि कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से सुनिश्चित हो सके। श्री पिल्ले ने कहा कि, किसानों के हितों की अनदेखी कर सरकार केवल राजनीतिक स्वार्थ में निर्णय ले रही है। उन्होंने मांग की है कि किसानों को ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने की अनुमति दी जाए और अफीम खेती के मामले की पूरी पारदर्शिता के साथ जांच कराई जाए।

# शहर में गैस सिलेंडर के लिए बढ़ी आपाधापी, लोग एजेंसियों का लगा रहे हैं चक्कर

### सर्वर डाउन व कर्मचारियों की छुट्टी के चलते लोगों के घर तक नहीं पहुंच पा रहा सिलेंडर

### दो-चार दिन में हालात सामान्य होने का भरोसा

राजनांदगांव (दावा)। खाड़ी के देश ईरान के साथ अमेरिका व इजरायल द्वारा बीते 10 दिनों से जारी भयानक युद्ध के चलते विश्व भर में तेल का संकट खड़ा हो गया है। हालांकि हमारे देश में 72 दिनों का स्टाक होने के चलते पेट्रोल-डीजल के दाम तो नहीं बढ़े लेकिन रसोई गैस के दाम बढ़ गए हैं। इससे एक और क्राइसेस यह है कि, लोगों में यह धारणा बन गई है कि रसोई गैस सिलेंडर जल्द खत्म हो जाएगा या नहीं मिलेगी।



इस आपाधापी व भ्रांत धारणा से डरें हुए लोगों द्वारा रसोई गैस बुकिंग कराने की बाढ़ आ गई है। इससे सर्वर जाम की स्थिति निर्मित हो गई है और चल भी रहा तो बहुत स्लोली गति चल रहा है। इससे युद्ध छिड़ने के दो-चार दिन बाद रिफिल बुकिंग के लिए नंबर लगाए उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। उनके द्वारा बड़ी बेसब्री से गैस सिलेंडर का इंतजार किया जा रहा है। दो-तीन दिन बाद सिलेंडर की सप्लाई नही होने पर गैस एजेंसियों तक दौड़ लगा रहे हैं। वहीं जिनके घरों में गैस बिल्कुल ही खत्म हो गया है ऐसे उपभोक्ताओं को अपने गैस एजेंसी कार्यालय में डेरा डालने की नौबत आ रही है।

### पेंडिंग में है 2000 सिलेंडर की सप्लाई

इंडेन गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि परेशानी में लोग रसोई गैस पाने के लिए इतनी बड़ी मात्रा में बुकिंग करा रहे हैं कि, सर्वर जाम हो गया है। थोड़ा-बहुत चल रहा है तो पहले से बुकिंग कराए उपभोक्ताओं तक धीरे-धीरे सप्लाई की जा रही है। उन्होंने शहर में लगभग 2000 सिलेंडर सप्लाई पेंडिंग बताया। सिलेंडर सप्लाई की गति धीमी होने की वजह उन्होंने युद्ध के चलते रसोई गैस संकट को देखते हुए वर्करों का काम नहीं होने का अनुमान लगाते हुए छुट्टी पर चले जाना बताया। उन्होंने बताया कि वर्करों के न आने व सर्वर जाम की समस्या से मुक्ति मिलते ही दो-चार दिनों में रिफिल सप्लाई वाले हालात सामान्य हो जाएंगे।

### होटल ढाबों में कमर्शियल सिलेंडर का संकट

बता दें कि शहर में एक हजार से ज्यादा प्रतिष्ठाने है जहां कमर्शियल सिलेंडरों का इस्तेमाल होता है। इसमें बड़े-बड़े होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, बार आदि शामिल हैं। गैस एजेंसी संचालकों की मानें तो शहर में रोजाना 600 से अधिक कमर्शियल सिलेंडर की डिमांड है। लेकिन कंपनी से कमर्शियल सिलेंडर नहीं आने, इनकी सप्लाई नहीं हो पा रही है। यह स्थिति कब तक बनी रहेगी पेट्रोलियम कंपनी द्वारा यह साफ नहीं किया गया है। लेकिन घरेलू सिलेंडर की सप्लाई में असर न हो इसे देखते हुए कमर्शियल सिलेंडर को फिलहाल रोक दिया गया है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर में 60 रुपए तथा कमर्शियल में 115 रुपए की वृद्धि कर दिए जाने से लोग परेशान जरूर है, लेकिन उक्त सिलेंडरों की घर पहुंच सेवा नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और भी बढ़ी हुई है।

# छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत जप्तशुदा वाहन राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर वार्ड नंबर 1 बागद्वार चिरचारीकला तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव निवासी मूलचंद के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी 08 वी 3242 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उक्त वाहन से कुल 3 नग गाय, 1 नग बछड़ा प्रजाति के भर कर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचडखाना व कत्लखाना की ओर ले जाया जा रहा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com